শৰ্মা হাৰ্ডৱেৰ
SHARMA HARDWARE
Sharma Gali, SJ Road
Athgaon, Guwahati-01
98648-02947

E-Paper : www.goodluckpublications.com, • www.vbslive.in
हिंदी दैनिक
गुवाहाटी, नई दिल्ली, शिमला और जम्मू से एकसाथ प्रकाशित
राष्ट्र निर्माण में प्रयत्नशील

# विकसित भारत समाचार

वर्ष : 11 | अंक : 35 | गुवाहाटी | रविवार, 1 सितंबर, 2024 | मूल्य : 10 रुपए | पृष्ठ : 8 | VIKSIT BHARAT SAMACHAR | Regd. RNI No. ASSHIN/2014/56526

रात में ड्यूटी करने वाले देश के 35 प्रतिशत डॉक्टर सुरक्षित नहीं : सर्वे — पेज 2
हथियार समेत भारी मात्रा में जिंदा कारतूस बरामद — पेज 3
जनसांख्यिकी असंतुलन देश की एकता, अखंडता और संप्रभुता के लिए गंभीर ... — पेज 5
आरती ने राष्ट्रीय रिकॉर्ड के साथ 10000 मीटर रेस वॉक में जीता कांस्य — पेज 7

door graph Premium Quality Hinges
S.S. Traders
Suppliers in : All kinds of Door Fittings Modular Kitchen & Accessories, etc.
D. Neog Path, Near Dona Planet ABC, G.S. Road, Guwahati - 05
97079-99344

### सुप्रभात

*चोर और राज कर्मचारियों से धन की रक्षा करनी चाहिए।*
- आचार्य चाणक्य

## न्यूज गैलरी

### चंपाई से मिले हिमंत मां कामाख्या के दर्शन करने का दिया निमंत्रण

**रांची ( हि.स. )।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने शनिवार को चंपाई सोरेन से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री को असम में मां कामाख्या देवी मंदिर का दर्शन करने के लिए निमंत्रण दिया। चंपाई सोरेन ने एक्स पर यह जानकारी दी। चंपाई सोरेन ने अपने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर बताया कि आज असम के मुख्यमंत्री -शेष पृष्ठ दो पर

### रूस में हेलीकॉप्टर लापता, 22 लोग थे सवार

**मॉस्को।** संघीय हवाई परिवहन एजेंसी के प्रारंभिक आंकड़ों का हवाला देते हुए रिपोर्टों के अनुसार, चालक दल के तीन सदस्यों और 19 यात्रियों के साथ एक रूसी हेलीकॉप्टर शनिवार को कामचटका के सुदूर पूर्वी प्रायद्वीप में लापता हो गया। एमआई-8टी हेलीकॉप्टर ने वाचकाजेट्स ज्वालामुखी के पास एक बेस से उड़ान भरी और चालक दल निर्धारित समय 04:00 -शेष पृष्ठ दो पर

### जुम्मा ब्रेक को लेकर एनडीए में फूट

# धार्मिक प्रथाओं पर हमले का हक नहीं : जेडीयू



**पटना /गुवाहाटी।** असम विधानसभा में मुस्लिम सदस्यों को जुमे की नमाज के लिए अब 2 घंटे का ब्रेक नहीं मिलेगा। विधानसभा अध्यक्ष विश्वजीत दैमारी ने शुक्रवार को यह फैसला किया। विधानसभा अध्यक्ष के फैसले की जानकारी मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने दी। स्पीकर का यह फैसला विधानसभा के अगले सत्र से अमल में आ जाएगा। असम सरकार के फैसले को लेकर सियासत भी तेज हो गई है। भाजपा की सहयोगी दल जेडीयू ने असम सरकार के फैसले का विरोध किया है। बिहार के पूर्व मंत्री और जेडीयू के मुख्य प्रवक्ता नीरज कुमार ने कहा कि असम सरकार का फैसला संविधान के मानक के खिलाफ है। सभी धर्मों को अपनी परंपराओं और रीति-रिवाजों को जीवित रखने का अधिकार है। असम के सीएम कहते हैं कि इससे काम करने की क्षमता बढ़ेगी। फिर मैं उनसे कामाख्या मंदिर में *बलि प्रथा* को बंद करने के लिए कहना चाहूंगा। किसी को भी धार्मिक प्रथाओं पर हमला करने का अधिकार नहीं है। मौजूदा वक्त में जेडीयू एनडीए का हिस्सा है। केंद्र सरकार में जेडीयू की अहम भूमिका है। दूसरी ओर बिहार में नीतीश कुमार भाजपा के साथ मिलकर सरकार चला रहे हैं। इसके बाद भी जुमे की नमाज को लेकर जेडीयू का रुख बिल्कुल अलग है। ये अलग बात है कि असम की सरकार से जेडीयू का कोई लेना देना नहीं है, न ही असम में जेडीयू की मौजूदगी है। जेडीयू के अलावा बिहार की विपक्षी पार्टी आरजेडी ने भी असम सरकार के फैसले का विरोध किया है। आरजेडी नेता तेजस्वी यादव ने कहा कि असम के मुख्यमंत्री सस्ती लोकप्रियता हासिल करने और सीएम योगी का चाइनीज वर्जन बनने के प्रयास में जानबूझकर मुसलमानों को परेशान करने वाले काम करते रहते हैं। तेजस्वी ने आगे कहा कि भाजपा के लोगों ने नफरत फैलाने और समाज में ध्रुवीकरण करने के लिए मुसलमान भाइयों को सॉफ्ट टारगेट बना लिया है। देश की आजादी में आरएसएस छोड़ सभी धर्म के लोगों का योगदान है। हमारे मुसलमान भाइयों ने देश को आजादी दिलाने में कुर्बानियां दी है और हम लोग जब तक हैं तब तक कोई उनका बाल बांका नहीं कर सकता। वहीं, गुवाहाटी में एआईयूडीएफ विधायक मुजीबुर रहमान ने कहा कि हर शुक्रवार को हमें नमाज के लिए एक या दो घंटे मिलते थे। यह व्यवस्था 1936 से चली आ रही थी। लगभग 90 साल बीत चुके हैं। बहुत सारी सरकारें और सीएम आए, लेकिन उन्हें कोई समस्या नहीं हुई। हमें नहीं पता कि मौजूदा सीएम हिमंत विश्व शर्मा को क्या समस्या है। वह मुसलमानों को खत्म करने की कोशिश कर रहे हैं। -शेष पृष्ठ दो पर

### जमीयत प्रमुख ने सीजेआई को लिखा पत्र, कहा-

## असम सीएम की टिप्पणियों पर संज्ञान लेकर कार्रवाई करें



**नई दिल्ली।** जमीयत उलेमा-ए-हिंद ने शनिवार को मुख्य न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ से आग्रह किया कि वे असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व शर्मा के *मिया मुसलमान* टिप्पणियों का संज्ञान लें। जमीयत ने कहा कि उनकी टिप्पणियां संविधानिक सिद्धांतों का स्पष्ट उल्लंघन करती हैं। मुस्लिम संगठन एक बयान में कहा कि जमीयत उलेमा-ए-हिंद के प्रमुख मौलाना महमूद मदनी ने सीजेआई, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा अध्यक्ष जे.पी.नड्डा को पत्र लिखा है। जिसमें -शेष पृष्ठ दो पर

### डॉ. शर्मा का तेजस्वी पर पलटवार, कहा-

## बिहार में चार घंटे का ब्रेक लागू क्यों नहीं किया



**रांची।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने शनिवार को वरिष्ठ राजद नेता तेजस्वी यादव की नमाज पढ़ने के नियम तोड़ने संबंधी टिप्पणी की आलोचना की और उन्हें उपदेश देने से पहले अभ्यास करने की सलाह दी। शर्मा यहां झामुमो के पूर्व नेता लोबिन हेम्ब्रोम के भाजपा में शामिल होने के अवसर पर भगवा पार्टी -शेष पृष्ठ दो पर

## मणिपुर में भाजपा प्रवक्ता के पुश्तैनी घर पर दोबारा हमला, वाहन भी जलाया



**इंफाल।** मणिपुर के चुराचांदपुर जिले में शनिवार को अज्ञात हमलावरों ने प्रदेश भाजपा प्रवक्ता माइकल लामजथांग के पुश्तैनी घर को आग लगा दी। पुलिस के मुताबिक, तुइबोंग के पेनील गांव में स्थित इस घर के आंगन में खड़ी कार को भी आग लगा दी गई। पुलिस ने बताया कि पिछले हफ्ते भी इस घर पर हमला हुआ था। चुराचांदपुर जिले के डिप्टी कलेक्टर धारुन कुमार एस ने जिला पुलिस अधीक्षक को पत्र लिखा है और जांच कर रिपोर्ट देने का अनुरोध किया है। मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह ने घर पर बार-बार हो रहे हमले की कड़ी निंदा की। उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, शांतिपूर्ण रैलियों के बहाने अक्सर हमारे लोगों (इस मामले में थादौ) को बार-बार निशाना एक गंभीर चिंता का विषय है। थादौ, कुकी समुदायों की -शेष पृष्ठ दो पर

## महिलाओं को जल्द मिले इंसाफ, तभी आधी आबादी को मिलेगा भरोसा : प्रधानमंत्री



**नई दिल्ली।** कोलकाता रेप कांड की जांच के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महिलाओं की सुरक्षा पर बड़ा बयान दिया है। पीएम ने महिलाओं के खिलाफ अपराध से जुड़े मामलों में त्वरित न्याय की आवश्यकता पर जोर दिया और कहा कि इससे महिलाओं को अपनी सुरक्षा का अधिक भरोसा मिलेगा। मोदी ने यह भी कहा कि न्यायपालिका को संविधान का संरक्षक माना जाता है और सुप्रीम कोर्ट तथा न्यायपालिका ने अपनी जिम्मेदारी बखूबी निभाई है। भारत के मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की मौजूदगी में जिला न्यायपालिका के राष्ट्रीय सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि भारत के लोगों ने कभी भी सुप्रीम कोर्ट या न्यायपालिका पर कोई अविश्वास नहीं दिखाया है। आपातकाल को एक *काला* दौर बताते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि न्यायपालिका ने मौलिक अधिकारों को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। राष्ट्रीय सुरक्षा के मामलों पर मोदी ने कहा कि न्यायपालिका ने राष्ट्रीय हितों को सर्वोपरि रखते हुए राष्ट्रीय अखंडता की रक्षा की है। कोलकाता में एक डॉक्टर के साथ कथित बलात्कार और हत्या तथा ठाणे में दो किंडरगार्टन लड़कियों के -शेष पृष्ठ दो पर

## वंदे भारत आधुनिक होती भारतीय रेलवे का नया चेहरा : पीएम



**नई दिल्ली ( हि.स. )।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से तीन वंदे भारत रेलगाड़ियों को रवाना किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि वंदे भारत आधुनिक होती भारतीय रेलवे का नया चेहरा है। आज शहर में, हर रूट पर वंदे भारत की मांग है। हाई-स्पीड ट्रेनों से लोगों में व्यापार, रोजगार और सपनों को विस्तार देने का भरोसा जगता है। आज देशभर में 102 वंदे भारत रेलवे सेवाएं संचालित हो रही हैं। प्रधानमंत्री मोदी के *मेक इन इंडिया* और आत्मनिर्भर भारत के दृष्टिकोण -शेष पृष्ठ दो पर

## *संघ की समन्वय बैठक में वर्तमान परिदृश्य, महत्वपूर्ण घटनाओं तथा सामाजिक परिवर्तन पर होगी चर्चा*




**पालक्काड ( हि.स. )।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की अखिल भारतीय समन्वय बैठक का केरल के पालक्काड में शनिवार सुबह शुभारंभ हुआ। संघ प्रमुख डॉ. मोहन भागवत और सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने द्वीप प्रज्जवलित कर बैठक का उद्घाटन किया। यह बैठक 2 सितंबर तक चलेगी। संघ की इस अखिल भारतीय समन्वय बैठक में सरसंघचालक डॉ. भागवत, सरकार्यवाह होसबाले सहित संघ के सभी छह सह सरकार्यवाह और अन्य अखिल भारतीय पदाधिकारी उपस्थित हैं। बैठक में राष्ट्र सेविका समिति की प्रमुख संचालिका शान्ताक्का, प्रमुख कार्यवाहिका सीता अन्नदानम, वनवासी कल्याण आश्रम के अध्यक्ष सत्येंद्र सिंह, पूर्व सैनिक सेवा परिषद के अध्यक्ष ले.ज.(से.नि.) वीके चतुर्वेदी, अ.भा. ग्राहक पंचायत के अध्यक्ष नारायण भाई शाह, विश्व हिन्दू परिषद के अध्यक्ष आलोक कुमार, महामंत्री बजरंग बागड़ा, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के संगठन मंत्री आशीष चौहान, भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा, महामंत्री संगठन बीएल संतोष, विद्या भारती के अध्यक्ष रामकृष्ण राव, भारतीय मजदूर संघ के अध्यक्ष हिरणम्य -शेष पृष्ठ दो पर

## हरियाणा में 1 के बजाय 5 अक्तूबर को होगा मतदान, नतीजे आठ को



**नई दिल्ली ( हि.स. )।** हरियाणा की 90 विधानसभा सीटों पर अब 01 अक्तूबर की बजाय 05 अक्तूबर को मतदान होगा। चुनाव आयोग ने शनिवार को इसकी जानकारी दी। साथ ही अब हरियाणा और जम्मू-कश्मीर में होने वाले मतदान के नतीजे 8 अक्तूबर को आयेंगे। पहले मतगणना 4 अक्तूबर को तय थी। चुनाव आयोग का कहना है कि उसे राष्ट्रीय राजनीतिक दलों, राज्य राजनीतिक दलों और अखिल भारतीय बिश्नोई महासभा से इस संबंध में ज्ञापन प्राप्त हुए थे। बिश्नोई समाज का कहना -शेष पृष्ठ दो पर

## सुप्रीम कोर्ट के 75 साल पूरे, पीएम मोदी ने जारी किया डाक टिकट और सिक्का



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उच्चतम न्यायालय की स्थापना के 75 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में शनिवार को एक सिक्का और डाक टिकट जारी किया। उन्होंने शीर्ष अदालत की ओर से *भारत मंडपम* में आयोजित जिला न्यायपालिका के दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए 75 रुपए का यादगार एक सिक्का और डाक टिकट जारी किया। उद्घाटन समारोह में मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति डॉ. धनंजय वाई चंद्रचूड़, शीर्ष अदालत के अन्य न्यायाधीश, सभी उच्च न्यायालयों के मुख्य न्यायाधीश, केंद्रीय विधि और न्याय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) अर्जुन राम मेघवाल, अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमनी, सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष कपिल सिब्बल, बार काउंसिल आफ इंडिया के अध्यक्ष मनन कुमार मिश्रा के अलावा अनेक अधिवक्ता और विधि के विद्यार्थियों समेत -शेष पृष्ठ दो पर

## देश विरोधी नेरेटिव्स फैला लोकतंत्र को चुनौती दे रहा विपक्ष : उप राष्ट्रपति



**देहरादून ( हि.स. )।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि यह अफसोस की बात है कि लोकतंत्र और राष्ट्रवाद की भावना को चुनौती देने वाले लोग वे हैं जो कभी सत्ता में थे या महत्वपूर्ण पदों पर थे। संकीर्ण पार्टीगत हितों की पूर्ति के लिए वे देश विरोधी नेरेटिव्स फैला रहे हैं और लोकतंत्र की तुलना पड़ोसी देशों की प्रणालियों से कर रहे हैं। युवाओं को चेतावनी देते हुए धनखड़ ने कहा कि ये लोग हमें भटकाने की पूरी कोशिश करते हैं। अपने वास्तविक इरादों को छिपाते हुए वे देश की अभूतपूर्व वृद्धि को नजरअंदाज करते हैं। देश की आर्थिक उन्नति और वैश्विक मंच पर इसकी शानदार वृद्धि को नजरअंदाज करते हैं। उन्होंने भारत के स्थिर लोकतंत्र और पड़ोसी देशों की प्रणालियों की तुलना किए जाने की आलोचना की और पूछा- क्या हम कभी तुलना कर सकते हैं? उप राष्ट्रपति ने युवाओं से अपील की कि वे इन नेरेटिव्स का विरोध करें। उन्हें बेअसर करें और इन हानिकारक तुलनाओं को उजागर करें। धनखड़ ने कहा कि भारत सबसे बड़ा और सबसे जीवंत लोकतंत्र है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जो लगातार तीसरी बार कार्यरत हैं, को ऐसी अवमाननाओं का सामना नहीं करना चाहिए। ऐसा विचार किसी भी व्यक्ति के मन में कैसे उत्पन्न हो सकता है जो इस राष्ट्र, राष्ट्रवाद और लोकतंत्र में विश्वास करता है? उन्होंने ऐसे नेरेटिव्स को *दुष्ट* और *शब्दों से परे* करार दिया। देहरादून में शनिवार को सीएसआईआर-आईआईपी में छात्रों और संकाय सदस्यों को संबोधित करते हुए उप राष्ट्रपति धनखड़ ने जलवायु परिवर्तन और प्राकृतिक आपदाओं की चुनौती पर जोर दिया। जलवायु न्याय की आवश्यकता को रेखांकित करते हुए उन्होंने कहा कि जलवायु परिवर्तन विशेष रूप से कमजोर वर्गों को प्रभावित करता है, इसलिए जलवायु न्याय हमारा मार्गदर्शक सिद्धांत होना चाहिए। माता पृथ्वी के बच्चों के रूप में अपनी जिम्मेदारी को मानते हुए धनखड़ ने भारत द्वारा वैश्विक प्रतिबद्धताओं में स्थिरता को शामिल करने की सराहना की। उन्होंने कहा कि हमारी प्राचीन भावना और सभ्यता की आत्मा को प्रतिबिंबित करते हुए भारत ने केवल घरेलू शासन में स्थिरता को शामिल नहीं किया है बल्कि वैश्विक प्रतिबद्धताओं को भी मार्गदर्शन किया है, क्योंकि हम स्वयं को दुनिया से अलग नहीं मानते। हम कहते हैं कि दुनिया एक -शेष पृष्ठ दो पर

**CLASSIFIED**

For all kinds of classified advertisements please contact

**97070-14771**
**86382-00107**

**MURTI AVAILABLE**

Available all kinds of Marble & White Metal Murties, Ganesh Laxmi, Radha Krishna, Bishnu-Laxmi, Hanuman, Maa Durga, Saraswati, Shivling, Nandi etc. **ARTCLE WORLD,** S-29, 2nd Floor, Shoppers Point, Fancy Bazar, Guwahati-01, **Ph. : 94350-48866, 94018-06952**

**TO LET**

A 3 BHK Flat, area 1500 sq.ft., 3rd floor, for family at :
Zoo Road Tinali, Guwahati
**Contact :**
**84536-85368**

**FOR SALE**

A 4 BHK, Study, 2 Bathroom, 2 balcony Flat, 3rd floor at :
Zoo Road Tinali, Guwahati
**Contact :**
**84536-85368**


# रात में ड्यूटी करने वाले देश के 35 प्रतिशत डॉक्टर सुरक्षित नहीं : सर्वे




**नई दिल्ली।** कोलकाता में ट्रेनी डॉक्टर से दुष्कर्म और हत्या को लेकर जारी जनाक्रोश के बीच आईएमए के सर्वे में चिंताजनक बात सामने आई है। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) का अध्ययन बताता है कि एक तिहाई (35.5 प्रतिशत) डॉक्टर नाइट शिफ्ट में *असुरक्षित या बहुत असुरक्षित* महसूस करते हैं। इनमें महिला डॉक्टरों की संख्या ज्यादा है। कुछ डॉक्टरों ने बताया कि वे सुरक्षा के लिए चाकू और पेपर स्प्रे रखती हैं। आईएमए के इस ऑनलाइन सर्वे में 22 राज्यों के 3,885 डॉक्टर शामिल हुए, जिनमें 63 प्रतिशत महिला डॉक्टर हैं। इनमें शामिल 85 प्रतिशत युवा डॉक्टरों में डर ज्यादा दिखा। 20-30 साल के डॉक्टरों में असुरक्षा की भावना ज्यादा है,इसमें ज्यादातर ट्रेनी या पीजी ट्रेनी हैं। 45 प्रतिशत डॉक्टरों ने सर्वे में बताया कि उनके यहां नाइट ड्यूटी के लिए अलग ड्यूटी रूम नहीं है। साथ ही एक-तिहाई ड्यूटी रूम में अटैच शौचालय की सुविधा भी नहीं है, ज्यादातर में प्राइवेसी नहीं होती। 53त्न ड्यूटी रूम वार्ड या इमरजेंसी वार्ड से 100 से 1000 मी. तक दूर हैं। जो डॉक्टर 35 साल से कम आयु के थे। इनमें से 61 प्रतिशत ट्रेनी या पीजी ट्रेनी थे। 24.1 प्रतिशत डॉक्टरों ने बताया कि वे खुद को असुरक्षित और 11.4 प्रतिशत बहुत असुरक्षित महसूस करते हैं। 20-30 साल के डॉक्टरों, जिनमें अधिकतर ट्रेनी डॉक्टर हैं, उन्होंने सुरक्षा के निम्नतम स्तर की सूचना दी। रात में 45 प्रतिशत उत्तरदाताओं के पास ड्यूटी रूम तक की पहुंच नहीं थी, जबकि जिनके पास पहुंच थी वे सुरक्षित महसूस करते थे। सर्वेक्षण में इस बात पर भी प्रकाश डाला गया कि कई ड्यूटी रूम अपर्याप्त थे, इनमें प्राइवेसी की कमी थी और कई रूम में ताले नहीं थे। नतीजतन, डॉक्टरों को अक्सर वैकल्पिक विश्राम क्षेत्र ढूंढना पड़ता था, और ड्यूटी रूम में से वन थर्ड में अटैच बाथरूम का अभाव था।

*नितिन गडकरी ने की नई ट्रांसपोर्ट पॉलिसी की घोषणा, कहा-*

# अब से हल्की गाड़ियों में फ्रंट और बैक सीट बेल्ट का अलार्म सिस्टम जरूरी



**नई दिल्ली।** भारत सरकार ने सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए एक नई ट्रांसपोर्ट पॉलिसी की घोषणा की है, जिसमें अगले दो वर्षों में दो महत्वपूर्ण बदलाव लागू होंगे। केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय के अनुसार, 2025 से हल्के वाहनों और 2026 से भारी वाहनों के लिए नए नियम प्रभावी होंगे, जिनसे सड़क हादसों में कमी आने की संभावना है। सिट बेल्ट अलार्म सिस्टम: 31 मार्च 2025 के बाद बने हल्के निजी और सार्वजनिक वाहनों में फ्रंट और बैक सीट्स के लिए सीट बेल्ट अलार्म सिस्टम को अनिवार्य कर दिया जाएगा। हालांकि, पिछली सीटों पर बैठने वालों के लिए सीट बेल्ट लगाना पहले से ही अनिवार्य है और इसका उल्लंघन करने पर 1,000 रुपए का चालान होता है, लेकिन सभी वाहनों में अलार्म सिस्टम का होना जरूरी नहीं था। सीट बेल्ट का प्रावधान: बसों, ट्रेवलरों और मिनी बसों में सीट बेल्ट अनिवार्य होगी। हर सीट पर बेल्ट का होना जरूरी होगा, और इसके लिए सीट बेल्ट अलार्म सिस्टम को लागू किया जाएगा। सड़क इंजीनियरिंग में सुधार: केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए सड़क इंजीनियरिंग में सुधार किया जाएगा। इसके तहत, मौजूदा राजमार्गों की डिजाइन को ठीक किया जाएगा और नए राजमार्गों को मंजूरी देने से पहले उनकी कंप्यूटरीकृत इमेज की समीक्षा की जाएगी। मंत्री ने बताया कि सड़क निर्माण में पाई गई खामियों जैसे शार्प टर्न, स्पीड ब्रेकर और खराब निर्माण सामग्री को भी ठीक किया जाएगा।

# प्रेमिका की आत्महत्या के बाद फरार प्रेमी गिरफ्तार

**चिरांग ( हिंस )।** प्रेमिका की आत्महत्या के बाद फरार हुए प्रेमी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आज बताया कि फरार अयान साहा को उसकी प्रेमिका की आत्महत्या के बाद से बिजनी पुलिस तलाश रही थी। उसे कोकराझाड़ से गिरफ्तार किया गया है। बिजनी अनुमंडल पुलिस अधिकारी प्रसेनजीत दास, प्रभारी पुलिस अधिकारी जयंत काकती, शहर थाना के उपनिरीक्षक पंकज दलै ने बिजनी पुलिस के साथ मिलकर कोकराझाड़ में अयान साहा के छिपने की जगह पर छापा मारा। विदित हो कि बिजनी के वार्ड नंबर एक की युवती शोमा साहा ने प्रेमी अयान साहा द्वारा मानसिक प्रताड़ना से परेशान होकर आत्महत्या कर ली थी।

## देशी गाय के गोबर से निर्मित शुद्ध गणेश प्रतिमाएं तैयार

**बीकानेर ( हिंस )।** पर्यावरण शुद्ध रहे इसके लिए हर स्तर पर प्रयास होते रहते हैं। प्रदूषण रहित माहौल बनाने के लिए पर्व-उत्सवों पर विशेष काम हो सकता है। आने वाले दिनों में गणेश चतुर्थी का पर्व आ रहा है। ऐसे में घर-घर में गणेशजी विराजेंगे। फिर अंतिम दिन गणेश विसर्जन भी होगा। इस गणेश चतुर्थी अपने घर लाए गोबर से निर्मित गणेश। जो पूर्णतय शतप्रतिशत शुद्ध है। इससे वातावरण में किसी तरह का प्रदूषण नहीं फैलता।


## जंगली हाथियों के हमले में एक व्यक्ति की मौत

**ग्वालपाड़ा ( हिंस )।** ग्वालपाड़ा के सोनापुर माजेरटिला में जंगली हाथियों के हमले में एक व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक की पहचान शमसुल हक के रूप में हुई है। पुलिस ने आज बताया कि बीती रात के समय जंगली हाथियों का झुंड मरनाई थाना क्षेत्र के सोनापुर माजेरटिला गांव में घुस आया। घटना की सूचना पाकर वनकर्मियों के साथ पहुंची पुलिस ने शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया। इस सिलसिले में कानूनी प्रक्रिया शुरू की गई है।


**MISSING PERSONS**


(A) Mofida Khatun


(B) Sabina Khatun


(C) Masud Bhuyan

The above are photographs of a missing woman and her minor children, namely Mofida Khatun, 27 years old; Sabina Khatun, 8 years old; and Masud Bhuyan, 5 years old. The complainant is Khudus Sk, son of the late Kalu Sk, from Chagolia Pt. 2 village, under Golakganj Police Station in Dhubri district, Assam. According to the report filed by the complainant at Halakura PCP, she has been missing from her husband's home along with her daughter and son.

Upon receiving the information, a missing person entry was recorded under Halakura PCP GDE No. 224, dated 16/08/2024. An investigation was initiated to trace the missing woman, her daughter and her son. The physical descriptions of the missing woman, her daughter and her son are as follows:-

(A) 1. Height : - 5 feet
2. Complexion : - Fair
3. Age : - 27 years.
4. Language Spoken: - Bengali

(B) 1. Height : - 3.5 feet
2. Complexion : - Fair
3 Age : - 8 years.
4. Language Spoken : - Bengali

(C) 1. Height : - 3 feet .
2. Complexion : - Fair
3. Age : - 5 years.
4. Language Spoken : - Bengali

All efforts should be made to locate the above-mentioned woman, her daughter, and her son with the undersigned being informed accordingly.

*-- Janasanyog /D/ 4945 / 24/ 1-Sep-24*

Superintendent Of police,
Dhubri, Assam


## राज्य सरकार ने स्वास्थ्य पेशेवरों के लिए सुरक्षा उपाय लागू करने का आदेश दिया

**गुवाहाटी।** असम सरकार ने शुक्रवार को राज्यभर के सभी अस्पतालों में चिकित्सकों और स्वास्थ्य के क्षेत्र में काम करने वाले लोगों के लिए तुरंत सुरक्षा उपाय लागू करने का निर्देश दिया। मुख्य सचिव रवि कोटा ने पुलिस महानिदेशक जी पी सिंह के साथ मेडिकल कॉलेज में सुरक्षा की समीक्षा के लिए एक बैठक की अध्यक्षता की। इस बैठक में सीसीटीवी कवरेज, स्कैनर तंत्र, पुलिस चौकियों और सरकारी एवं निजी अस्पतालों में स्वास्थ्य कर्मचारियों के लिए शौचालय सुविधाओं पर ध्यान केंद्रित किया गया।

# तीन दिन से ब्रेन डेड कंवराई देवी चार लोगों को जीवनदान कर अमर हुई

**जोधपुर ( हिंस )।** एक सड़क हादसे में घायल महिला के ब्रेन डेड रहने के बाद शनिवार को उसके परिजनों की सहमति से अंगदान किए गए। उसके अंगदान से चार लोगों की जिंदगियां बच पाएगी। जोधपुर एम्स से शनिवार सुबह फ्लाइट के जरिए हार्ट, एक किडनी और लिवर जयपुर भेजा गया। वहीं एक किडनी जोधपुर एम्स में ही मरीज को लगाई जाएगी। परिजनों का कहना है कि उनकी शुरू से ही इच्छा थी कि मरने के बाद उनके अंगदान किए जाए। ताकि मृत्यु के बाद भी किसी को जीवन मिल सके, वे अमर हो सकें। अंगदानी महिला के पति रतनलाल ने बताया कि पत्नी कंवराई देवी (46) और बेटे के साथ बाइक पर गत 28 अगस्त को जैतारण स्थित दुकान से अपने गांव खारिया मीठापुर में खेत संभालने जा रहे थे। इस दौरान सुबह करीब 8.30 बजे पैदल जा रहे जातरुओं को बचाने के चक्कर में सामने से एक कार बेकाबू होकर आई। उससे बचने के लिए रतनलाल ने ब्रेक लगाए तो बाइक स्लिप हो गई। इसी हादसे में पीछे बैठी पत्नी कंवराई देवी घायल हो गई, उसके सिर में गंभीर चोट लगी थी। उसे एम्स में इलाज के लिए लाया गया। यहां जांच में सामने आया कि उनका ब्रेन डेड हो चुका है। इस पर उन्होंने तीन दिन तक उनके स्वस्थ होने का इंतजार किया लेकिन सेहत में कोई सुधार नहीं हुआ। इस पर डॉक्टर की सलाह के बाद शनिवार को उन्होंने निर्णय लिया कि अंग डोनेट किए जाने चाहिए। भले ही वह इस दुनिया में नहीं हो लेकिन वह मरकर भी लोगों के दिलों में जिंदा हो इसी को ध्यान में रखते हुए उनके अंग डोनेट करने का निर्णय लिया गया। परिजनों ने भी इस पर सहमति दे दी। पति रतनलाल ने बताया कि डेढ़ माह पहले ही पाली में एक ऑर्गन डोनेशन को लेकर कैंप लगा था। इस दौरान हम वहां मौजूद थे। इस दौरान पत्नी ने कहा था कि कभी अगर वो इस दुनिया में नहीं रहे तो उनके अंगदान किए जाए। ऐसे में वो मरकर भी अमर हो जाएगी। बता दे कि रतनलाल जैतारण में किराने की दुकान चलाते हैं और सर्फ और साबुन एजेंसी भी ले रखी है। परिवार जैतारण से 14 किलोमीटर दूर खारिया मीठापुर है।

## हेरोइन के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

**ग्वालपाड़ा ( हिंस )।** पुलिस ने ग्वालपाड़ा में काफी मात्रा में हेरोइन के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आज बताया कि धूमेरघाट पुलिस पोस्ट के आईसी के नेतृत्व में ग्वालपाड़ा पुलिस की एक टीम ने एक अभियान में सद्दाम हुसैन और अनवर हुसैन के कब्जे से संदिग्ध हेरोइन से भरे 3 साबुनदानी के डिब्बे और 65 प्लास्टिक की शीशियां बरामद कीं। इस सिलसिले में कानूनी कार्रवाई शुरू की गई।

# पृष्ठ एक का शेष

### *धार्मिक प्रथाओं पर...*

असम सरकार के फैसले से पहले राज्यसभा में भी नमाज के समय को खत्म कर दिया गया था। राज्यसभा के सभापति और उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने यह व्यवस्था दी थी। राज्यसभा में अभी तक हर शुक्रवार को लंच ब्रेक दोपहर 1 से 2:30 बजे तक होता था। वहीं, लोकसभा में लंच ब्रेक दोपहर 1 से 2 बजे तक होता है। राज्यसभा में अतिरिक्त आधा घंटा नमाज के लिए दिया जाता था। इसी को अब के सभापति ने नियमों में बदलाव करके खत्म किया। पूरा मामला 8 दिसंबर 2023 का है। तब राज्यसभा में जीरो ऑवर चल रहा था। सांसद अपने सवालों के जवाब पूछ रहे थे। तभी द्रमुक सांसद तिरुची शिवा ने हस्तक्षेप किया। राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ पीठासीन थे। तिरुची शिवा को सभापति ने बोलने का मौका दिया। उन्होंने शुक्रवार के दिन राज्यसभा के कामकाज की समयसीमा को लेकर सवाल पूछा। डीएमके सांसद ने कहा कि आमतौर पर शुक्रवार के दिन सभा का कामकाज लंच ब्रेक के बाद 2.30 बजे शुरू होता है। यह और बात है कि आज के संशोधित कार्यक्रम के अनुसार यह 2 बजे से ही है। इस बारे में निर्णय कब लिया गया? इस बारे में सदन के सदस्य नहीं जानते, ये बदलाव क्यों हुआ?

### *असम सीएम की ...*

असम के मुख्यमंत्री द्वारा कई गई संविधान विरोधी टिप्पणियों को उजागर किया गया है और तत्काल कार्रवाई की मांग की गई है। बयान के मुताबिक, जमीयत प्रमुख ने शर्मा द्वारा की गई हालिया मुस्लिम विरोधी टिप्पणियों पर गहरी चिंता व्यक्त की है। मदनी ने जोर देकर कहा कि ये बयान न केवल अनुचित है, बल्कि संविधान के सिद्धांतों का खुलेआम उल्लंघन करते हैं। उन्होंने सीजेआई से आग्रह किया कि वे इसका संज्ञान लें। मदनी ने यह भी कहा कि संविधान में परिभाषित मुख्यमंत्री की भूमिका सभी नागरिकं के प्रति निष्पक्षता और न्याय सुनिश्चित करने की है। लेकिन, मुख्यमंत्र शर्मा इन मौलिक जिम्मेदारियों की लगातार अनदेखी कर रहे हैं। हाल ही में एक विधानसभा सत्र में मुख्यमंत्री ने बेहिचक घोषणा की- मैं एक पक्ष लूंगा, यह मेरी विचारधारा है और आगे कहा कि मैं मिया मुसलमानों को असम पर कब्जा नहीं करने दूंगा। जमीयत ने दावा किया कि ये भड़काऊ बयान ऐसे समय में दिए गए हैं, जब ऊपरी असम में तीस से अधिक उग्रवादी समूहों ने बांग्ला मुसलमानों को उस क्षेत्र में छोड़ने की चेतावनी दी है। मदनी ने जोर दिया कि ऐसे संवेदनशील समय में मुख्यमंत्री के लिए जरूरी है कि वे सांप्रदायिक सौहार्द को बढ़ावा दें, न कि बांटने वाले भाषणों से उपद्रवियों को और प्रोत्साहित करें।

### *बिहार में चार घंटे ...*

मुख्यालय में मीडियाकर्मियों को संबोधित कर रहे थे। शर्मा ने कहा कि तेजस्वी यादव मेरी आलोचना कर रहे हैं, लेकिन मैं उनसे पूछना चाहता हूं...क्या बिहार में ऐसी कोई प्रथा है? आपको (यादव) जब आप बिहार के उपमुख्यमंत्री थे, तो चार घंटे का ब्रेक लागू करना चाहिए था। उपदेश देने से पहले इसका अभ्यास करें। असम विधानसभा में दो घंटे का जुम्मा अवकाश रद्द किए जाने के बाद यादव ने शुक्रवार को शर्मा पर *सस्ती लोकप्रियता* पाने का आरोप लगाया था। शर्मा ने कहा कि मैं दो घंटे के जुम्मा ब्रेक को फिर से लागू करूंगा, अगर मुझे सलाह देने वाले लोग अपने-अपने राज्यों में चार घंटे के ब्रेक को लागू करें। उन्होंने कहा कि असम विधानसभा को छोड़कर, लोकसभा या राज्यसभा सहित कहीं भी 1937 से ब्रिटिश विरासत की ऐसी प्रथा का प्रावधान नहीं है। उन्होंने कहा कि जुम्मा के दो घंटे के अवकाश को खत्म करना मुख्यमंत्री का फैसला नहीं था, बल्कि यह सभी हिंदू और मुस्लिम विधायकों का फैसला था। शुक्रवार को जब विधानसभा अध्यक्ष ने इसकी घोषणा की, तो सदन में किसी भी मुस्लिम विधायक ने कोई विरोध नहीं जताया। असम विधानसभा में कुल 126 विधायकों में से 25 मुस्लिम विधायक हैं। उन्होंने बताया कि विधानसभा की प्रक्रिया नियमों में इस प्रावधान को समाप्त करने का प्रस्ताव अध्यक्ष की अध्यक्षता वाली नियम समिति के समक्ष रखा गया, जिसने सर्वसम्मति से इस प्रथा को समाप्त करने पर सहमति व्यक्त की। शर्मा ने कहा कि इस फैसले की आलोचना केवल असम के बाहर हो रही है, जबकि राज्य के विधायकों ने देश के विकास के लिए काम करने की अपनी प्रतिबद्धता दिखाई है।

### *मणिपुर में भाजपा ...*

सबसे बड़ी उप-जनजातियों में से एक है। मुख्यमंत्री ने कहा कि ऐसे उकसावे के कृत्यों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। हम सुनिश्चित करेंगे कि जिम्मेदार लोगों को जवाबदेह ठहराया जाए। इसके अलावा, सुरक्षा की पर्याप्त व्यवस्था न करने वाले अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। हालांकि, खतरों की पहले ही चेतावनियां दी गईं थीं। रविवार की रात को भी अज्ञात हथियारबंद हमलावरों ने भाजपा प्रवक्ता लामजथांग के घर पर हमला किया था और गोलीबारी की थी। तब मुख्यमंत्री सिंह ने इसे राज्य की एकता और अखंडता के लिए सीधी चुनौती करार दिया था। सिंह ने एक्स पर कहा था, थादौ समुदाय के नेता नेता और भाजपा प्रवक्ता लामजथांग के परिवार पर हमला और उनके घर को तोड़ना एक कायरतापूर्ण कृत्य है। मुख्यमंत्री ने कहा था कि वह कड़े शब्दों इन हमलों की निंदा करते हैं और दोषियों के खिलाफ उचित कानूनी कार्रवाई शुरू करेंगे। लामजथांग के घर पर हमला उस समय हुआ था, जब कुछ घंटे पहले वह एक स्थानीय समाचार चैनल पर पैनल चर्चा में भाग लेने पहुंचे थे।

### *महिलाओं को जल्द...*

साथ यौन उत्पीड़न की पृष्ठभूमि में उन्होंने कहा कि महिलाओं के खिलाफ अत्याचार और बच्चों की सुरक्षा समाज के लिए गंभीर चिंता का विषय है। प्रधानमंत्री ने कहा कि महिलाओं के खिलाफ अत्याचार के मामलों में जितनी तेजी से न्याय मिलेगा, आधी आबादी को अपनी सुरक्षा के बारे में उतना ही अधिक भरोसा होगा। मोदी ने कहा कि महिलाओं के खिलाफ अपराधों से निपटने के लिए कई कड़े कानून हैं और त्वरित न्याय सुनिश्चित करने के लिए आपराधिक न्याय प्रणाली के बीच बेहतर समन्वय सुनिश्चित करने की आवश्यकता है।

### *वंदे भारत आधुनिक ...*

को साकार करते हुए अत्यधुनिक वंदे भारत एक्सप्रेस तीन मार्गों: मेरठ-लखनऊ; मदुरै-बेंगलुरु और चेन्नई-नागरकोइल पर कनेक्टिविटी में सुधार करेंगी। ये वंदे भारत रेलगाड़ियां वर्तमान में तीव्र गति से चल रही गाड़ियों की तुलना में यात्रा समय को कम करेंगी। मेरठ सिटी-लखनऊ वंदे भारत से लगभग 1 घंटा, चेन्नई एग्मोर-नागरकोइल वंदे भारत से 2 घंटे और मदुरै-बेंगलुरु वंदे भारत से यात्रा समय में डेढ़ घंटे की बचत होगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि वंदे भारत ट्रेनें जहां से भी संचालित होती हैं वहां पर्यटन में वृद्धि हुई है, जिसके परिणामस्वरूप स्थानीय व्यवसायों को बढ़ावा मिला है और रोजगार के नए अवसर पैदा हुए हैं। उन्होंने कहा कि विकसित भारत के लक्ष्य को पूरा करने के लिए दक्षिण के राज्यों का तेज विकास बहुत जरूरी है। दक्षिण भारत में अपार प्रतिभा है, अपार संसाधन और अवसर हैं। तमिलनाडु और कर्नाटक समेत पूरे दक्षिण का विकास हमारी सरकार की प्राथमिकता है। बीते 10 वर्षों में इन राज्यों में रेलवे की विकास यात्रा इसका उदाहरण है। उन्होंने आगे कहा कि इस साल के बजट में हमने तमिलनाडु को 6 हजार करोड़ रुपये से ज्यादा रेलवे बजट दिया है। ये बजट 2014 की तुलना में 7 गुना से अधिक है। इसी तरह कर्नाटक के लिए भी इस बार 7 हजार करोड़ से ज्यादा का बजट आवंटित हुआ है। ये बजट भी 2014 की तुलना में 9 गुना अधिक है। आज मेरठ-लखनऊ रूट पर वंदे भारत ट्रेन के जरिए यूपी और खासकर पश्चिमी यूपी के लोगों को भी खुशखबरी मिली है। मेरठ और पश्चिमी यूपी क्रांति की धरती है। आज यह क्षेत्र विकास के नई क्रांति का साक्षी बन रहा है। उल्लेखनीय है कि ये नई वंदे भारत रेलगाड़ियां क्षेत्र के लोगों को तीव्रगति और सुविधा के साथ यात्रा करने के लिए विश्व स्तरीय सेवा प्रदान करेंगी और तीन राज्यों- उत्तर प्रदेश, तमिलनाडु और कर्नाटक के लोगों की लंबी समय से चल रही मांग को पूरा करेंगी। इन वंदे भारत एक्सप्रेस रेलगाड़ियों की शुरुआत नियमित यात्रियों, पेशेवरों, व्यापारियों और छात्र समुदाय की जरूरतों को पूरा करने के लिए रेल सेवा के एक नए मानक का शुभारंभ करेंगी।

### *संघ की समन्वय बैठक ...*

पण्ड्या, आरोग्य भारती के अध्यक्ष डॉ. राकेश पंडित सहित 32 संघ प्रेरित विविध संगठनों के राष्ट्रीय अध्यक्ष, संगठन मंत्री एवं प्रमुख पदाधिकारी तथा सभी संगठनों की महिला प्रतिनिधि सहित लगभग 300 कार्यकर्ता भाग ले रहे हैं। तीन दिवसीय यह अखिल भारतीय बैठक सामान्यत: वर्ष में एक बार आयोजित की जाती है। बैठक के प्रारंभ में हाल ही में वायनाड में हुए भूस्खलन की जानकारी और स्वयंसेवकों द्वारा किए गए सहायता एवं सेवा कार्यों की जानकारी सभी प्रतिनिधियों को दी गई। बैठक में विविध संगठनों के पदाधिकारी अपने कार्य की जानकारी और अनुभवों का आदान-प्रदान करेंगे। इसके अतिरिक्त राष्ट्रीय हित के विभिन्न विषयों के संदर्भ में वर्तमान परिदृश्य, हाल में हुई महत्वपूर्ण घटनाओं तथा सामाजिक परिवर्तन के अन्यान्य आयामों, योजनाओं के संदर्भ में बैठक में चर्चा होगी। सभी संगठन विविध विषयों पर परस्पर सहयोग तथा समन्वय को और अधिक बढ़ाने के लिए आवश्यक उपायों पर भी चर्चा करेंगे।

### *हरियाणा में 1 के ...*

है कि बड़ी संख्या में हरियाणा से लोग सदियों पुराने आसोज अमावस्या उत्सव में भाग लेने के लिए राजस्थान पहुंचेंगे। ऐसे में बड़ी संख्या में लोग मतदान नहीं कर पायेंगे और इससे हरियाणा में मतदान में भागीदारी भी कम होगी। चुनाव आयोग ने 16 अगस्त को जम्मू-कश्मीर में तीन चरणों और हरियाणा में एक चरण में मतदान कार्यक्रम की घोषणा की थी। जम्मू-कश्मीर में तीसरे चरण और हरियाणा की सभी सीटों का मतदान कार्यक्रम एक समान था। उल्लेखनीय है कि भारतीय जनता पार्टी ने हरियाणा में मतदान की तारीख में बदलाव का अनुरोध किया था। पार्टी का कहना था कि एक साथ छुट्टियां होने के कारण कई लोग इस दौरान घूमने निकल जायेंगे और मतदान में भाग नहीं लेंगे। आज की आयोग की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार मतदान कार्यक्रम में केवल हरियाणा के लिए मतदान की तारीख में बदलाव किया गया है। बाकी सभी तारीखें पहले जैसी रहेंगी। इसके अलावा जम्मू-कश्मीर में तीसरे चरण का मतदान भी पहले की ही तरह 01 अक्तूबर को होगा। मतदान की तारीख में बदलाव के चलते अब दोनों राज्यों के लिए मतगणना 8 अक्तूबर को होगी। हरियाणा की सभी 90 सीटों पर मतदान के लिए 5 सितंबर को अधिसूचना जारी की जाएगी। 12 सितंबर तक नामांकन किया जा सकेगा। नामांकन की जांच 13 सितंबर और नाम वापसी 16 सितंबर तक होगी।

### *सुप्रीम कोर्ट के 75 ...*

अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू एक सितंबर को सम्मेलन में समापन भाषण देंगी और उच्चतम न्यायालय के ध्वज और प्रतीक चिन्ह का अनावरण भी करेंगी। इस दो दिवसीय सम्मेलन में जिला न्यायपालिका से संबंधित विषयों पर मंथन किया जाएगा। इस सम्मेलन में जिला न्यायपालिका में अवसंरचना और मानव संसाधन, सभी के लिए समावेशी न्यायालय, न्यायिक सुरक्षा और न्यायिक कल्याण, मामला प्रबंधन और न्यायिक प्रशिक्षण पर विचार-विमर्श और चर्चा की जाएगी। शीर्ष अदालत के मुख्य न्यायाधीश के मार्गदर्शन में आयोजित *जिला न्यायपालिका पर राष्ट्रीय सम्मेलन* में दो दिनों में छह सत्र आयोजित किए जाएंगे। सम्मेल में सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की जिला न्यायपालिका से 800 से अधिक प्रतिभागी शामिल हैं।

### *देश विरोधी नेरेटिव्स ...*

परिवार है- वसुधैव कुटुम्बकम। धनखड़ ने भारत द्वारा वैश्विक बायोफ्यूल गठबंधन की स्थापना के ऐतिहासिक और व्यापक रूप से सराहे गए विकास को रेखांकित किया। उन्होंने इसे एक स्थायी ऊर्जा भविष्य की दिशा में भारत के महत्वपूर्ण कदम के रूप में वर्णित किया, जो स्थायी विकास में योगदान दे रहा है। उन्होंने 2070 तक कार्बन तटस्थता प्राप्त करने के भारत के महत्वाकांक्षी लक्ष्य को भी उल्लेखित किया, जिसमें परिवहन क्षेत्र में बायोफ्यूल के उपयोग का महत्वपूर्ण विस्तार शामिल है। धनखड़ ने भारत में इलेक्ट्रिक वाहनों के तेजी से अपनाने की ओर भी इशारा किया जो पहले एक दूर का सपना था, लेकिन अब वास्तविकता बन गया है। इन प्रगतियों की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि ये उपाय सर्कुलर इकोनॉमी के व्यापक दृष्टिकोण में योगदान कर रहे हैं। धनखड़ ने युवाओं से डी-साइलो करने और आज उपलब्ध विभिन्न अवसरों का पूरी तरह से उपयोग करने की अपील की। उन्होंने कहा कि सरकारी नौकरियों पर अत्यधिक ध्यान हमारे युवाओं पर भारी पड़ रहा है। यह चिंताजनक है। युवाओं को अद्भुत अवसरों से अनभिज्ञ रहना पड़ रहा है। आईएमएफ की सराहना याद रखें कि भारत निवेश और अवसरों का पसंदीदा वैश्विक गंतव्य है। यह निश्चित रूप से सरकारी नौकरियों पर आधारित नहीं था।

### *चंपाई से मिले हिमंत...*

हिमंत विश्व शर्मा एवं झारखंड विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी मिलने आए। उन्होंने मुझे गुवाहाटी (असम) स्थित मां कामाख्या देवी मंदिर में दर्शन करने हेतु आमंत्रण दिया। उल्लेखनीय है कि चंपाई सोरेन ने शुक्रवार को झामुमो पर अपमानित करने का आरोप लगाते हुए भाजपा का दामन थाम लिया है। इस मौके पर उन्होंने कहा कि जिसे मैंने खून पसीने से सींचा वहां मुझे अपमानित किया गया।

### *रूस में हेलीकॉप्टर...*

जीएमटी (भारतीय समयानुसार सुबह 9:30 बजे) पर रिपोर्ट करने में विफल रहा। एमआई-8 एक दो इंजन वाला हेलीकॉप्टर है जिसे 1960 के दशक में डिजाइन किया गया था। इसका व्यापक रूप से रूस में उपयोग किया जाता है, जहां दुर्घटनाएं अक्सर होती रहती हैं, साथ ही पड़ोसी देशों और कई अन्य देशों में भी इसका उपयोग किया जाता है। पहली बार रूसी सेना ने 1967 में इस हेलिकॉप्टर का इस्तेमाल किया था। इसकी कीमत 15 मिलिनयन डॉलर यानी 125 करोड़ रुपए है। एआई-8टी दुनिया में सबसे ज्यादा इस्तेमाल होने वाले हेलिकॉप्टरों में से एक है। भारत, चीन, ईरान समेत 50 से भी ज्यादा देश इसका इस्तेमाल सिविल और मिलिट्री उद्देश्यों के लिए करते हैं। भारत ने पहली बार 1971 में रूस से एमआई 8टी हेलिकॉप्टर खरीदा था। इसके बाद 1988 तक कुल 107 एमआई 8टी हेलिकॉप्टर भारत द्वारा सैन्य उपयोग के लिए खरीदे गए।

# हथियार समेत भारी मात्रा में जिंदा कारतूस बरामद



**तिनसुकिया ( हिंस )।** तिनसुकिया पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर भारी मात्रा में कारतूस समेत अत्याधुनिक हथियार बरामद किया है। इसकी जानकारी राज्य के पुलिस महानिदेशक जीपी सिंह ने शनिवार को सोशल मीडिया के जरिए दी। जीपी सिंह ने बताया है कि गैरकानूनी हथियार रखने के खिलाफ अपने प्रयासों को जारी रखते हुए, तिनसुकिया में पुलिस एक हेकलर एंड कोच एसएमजी अत्याधुनिक हथियार, 130 राउंड जीवित कारतूस, 2 मैगजीन और लगभग एक किलोग्राम पीईके विस्फोटक पाउडर बरामद किया है। हथियार असम-अरुणाचल सीमा पर सक्रिय एक प्रतिबंधित संगठन से जुड़े होने का संदेह है। पुलिस इस संबंध में एक प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

## भारी मात्रा में हेरोइन समेत एक गिरफ्तार

**गुवाहाटी ( हिंस )।** गुवाहाटी की वशिष्ठ थाना क्षेत्र के जोराबाट पुलिस चौकी की टीम ने हेरोइन की तस्करी मामले में शामिल एक शातिर तस्कर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि शनिवार की सुबह चलाए गए अभियान के दौरान नगांव से गुवाहाटी की ओर जा रही कार (एएस-25जे-3055) से 19 साबुनदानी में छुपा कर रखे गए 262 ग्राम हेरोइन जब्त किया गया है। जिसे कार में बड़ी ही चतुराई से छुपा कर लाया गया था। इस मामले में एक तस्कर को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार तस्कर की पहचान सुल्तान अहमद लश्कर (45, कछार) के रूप में की गई है। जब्त की गई हेरोइन की कीमत एक करोड़ रुपए आंकी गई है। पुलिस इस संबंध में एक प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

# पूसीरे के महाप्रबंधक ने न्यू जलपाईगुड़ी में ट्रेन रनिंग स्टाफ से बातचीत की

**गुवाहाटी ( हिंस )।** पूर्वोत्तर सीमा रेलवे (पूसीरे) के महाप्रबंधक चेतन कुमार श्रीवास्तव ने शनिवार को कटिहार मंडल के न्यू जलपाईगुड़ी में सुरक्षित रेल परिचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले विभिन्न श्रेणियों के क्षेत्रीय कर्मचारियों से बातचीत की। महाप्रबंधक ने सभी रेल अधिकारियों और कर्मचारियों से सतर्क रहने और किसी भी कीमत पर संरक्षा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बातचीत सत्र के दौरान विभिन्न सुझाव भी रखे गए। इस दौरान कटिहार के मंडल रेल प्रबंधक सुरेन्द्र कुमार के साथ मुख्यालय और मंडल के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद थे। बातचीत में लोको इंस्पेक्टर, ट्रैफिक इंस्पेक्टर आदि जैसे क्षेत्रीय पर्यवेक्षकों ने भाग लिया। पूसीरे के सीपीआरओ कपिंजल किशोर शर्मा ने शनिवार को बताया कि महाप्रबंधक ने न्यू जलपाईगुड़ी रेलवे स्टेशन पर अपग्रेडड रनिंग रूम का भी निरीक्षण किया, जिसका उपयोग ड्राइवर और गार्ड सहित ट्रेन परिचालन कर्मचारियों ने आराम और मनोरंजन के लिए किया जाता है। रनिंग रूम लोको पायलटों और सहायक लोको पायलटों और ट्रेन के अन्य रनिंग स्टाफ के लिए अपने घर से दूर एक घर की तरह है। महाप्रबंधक ने रनिंग रूम में उपलब्ध बुनियादी संरचना और सुविधाओं की जांच की। उन्होंने लोको पायलटों से



बातचीत भी की, जो अक्सर देर तक काम करते हैं, ताकि हमारी अर्थव्यवस्था के पहियों को चालू रखने के लिए यात्रियों, आवश्यक वस्तुओं और सामग्रियों का सुरक्षित, समय पर और कुशल परिवहन सुनिश्चित हो सके। महाप्रबंधक ने यह सुनिश्चित करने की सलाह दी कि उन्हें उचित आराम और भोजन मिले, ताकि वे अपनी अगली शिफ्ट ड्यूटी में सतर्क रहें और यह सुनिश्चित कर सकें कि ट्रेन बिना किसी व्यवधान के सुरक्षित रूप से चले। उन्होंने स्टेशनों पर रेल अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ भी बातचीत की और विभिन्न मुद्दों पर प्रतिक्रिया ली।

## पुलिस चौकी में कांस्टेबल ने की आत्महत्या की कोशिश

**डिब्रूगढ़ ( हिंस )।** डिब्रूगढ़ जिले के बोगीबिल पुल के पास स्थित बोगीबिल पुलिस चौकी के एक कांस्टेबल ने बंदूक से फायरिंग कर आत्महत्या की कोशिश की। हालांकि, गोली कांस्टेबल को लगने के बदले पुलिस चौकी के प्रभारी तीर्थ छेत्री को लगी। प्रत्यक्षदर्शियों द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार पत्नी के साथ झगड़ा होने की वजह से प्रांजल बोरा नामक कांस्टेबल ने पुलिस चौकी में पहुंचकर खुद को गोली मारने की कोशिश की। पहली गोली पुलिस चौकी के टीन के छत पर जाकर लगी। दूसरी गोली जब उसने खुद को मारने की कोशिश की तो वहीं मौजूद चौकी प्रभारी तीर्थ छेत्री ने उसे रोकने की कोशिश की। गोली तीर्थ छेत्री के दाहिने हाथ में लगी। हालांकि, कांस्टेबल को आत्महत्या करने से रोक लिया गया। लेकिन, इस घटना को लेकर पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। चौकी प्रभारी छेत्री को ईलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया।

## मदरसा के एक छात्र ने की आत्महत्या

**नगांव ( हिंस )।** नगांव जिले के रूपहीहाट थाना क्षेत्र के शोलमारी गांव में मदरसा के एक छात्र ने आत्महत्या कर ली है। पुलिस ने आज बताया कि मृतक की पहचान गांव के नूरुल हुसैन के रूप में हुई है। मृतक ने कल शाम अपने घर पर ही फंदे से लटककर आत्महत्या कर ली। मृतक कवईमारी इस्लामिया मदरसे का छात्र था। परिजनों के मुताबिक नूरुल हुसैन जब घर में पढ़ाई कर रहा था, उसी दौरान वह फंदे से लटक गया। लोगों ने दरवाजा खोला, जब अचानक उसके पढ़ने की आवाज बंद हो गई। छात्र को तुरंत कवैमारी एफआरयू लाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बाद में कवईमारी पुलिस पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए नगांव भेज दिया।

# बीटीसी प्रमुख ने गोसाईगांव में रखी विकास परियोजनाओं की आधारशिला

**गोसाईगांव।** क्षेत्र के सांस्कृतिक परिदृश्य को बढ़ाने और वरिष्ठ नागरिकों के लिए एक समर्पित स्थान प्रदान करने की दिशा में एक बड़े कदम के रूप में, बीटीसी प्रमुख प्रमोद बोरो ने कोकराझार जिले के गोसाईगांव में दो महत्वपूर्ण विकास परियोजनाओं की आधारशिला रखी। कार्यक्रम में बोलते हुए, बीटीसी प्रमुख प्रमोद बोरो ने समुदाय और सांस्कृतिक जीवंतता की भावना को बढ़ावा देने में इन परियोजनाओं के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि ये परियोजनाएं केवल बुनियादी ढांचे के विकास के बारे में नहीं हैं; वे ऐसे स्थान बनाने के बारे में हैं जो लोगों को एक साथ लाते हैं, हमारे वरिष्ठ नागरिकों का समर्थन करते हैं, और हमारी संस्कृति का जश्न मनाते हैं। उन्होंने समाज के सभी वर्गों को लाभान्वित करने वाली परियोजनाओं को शुरू करने



के लिए बीटीसी की प्रतिबद्धता की पुष्टि की, जिससे सभी के लिए समावेशी विकास और विकास सुनिश्चित हो सके। यह उल्लेखनीय है कि, 100-सीटर मॉडल सिनेमा हॉल के प्रस्तावित निर्माण का उद्देश्य स्थानीय मनोरंजन विकल्पों को समृद्ध करना और निवासियों के बीच सांस्कृतिक जुड़ाव को बढ़ावा देना है। यह आधुनिक सिनेमा हॉल गोसाईगांव के लोगों को फिल्में दिखाने के लिए एक स्थान के रूप में काम करेगा। दूसरी परियोजना में गोसाईगांव उप-विभागीय वरिष्ठ नागरिक संघ के लिए एक नई इमारत का निर्माण शामिल है। यह पहल बुजुर्ग नागरिकों को इकट्ठा होने, बातचीत करने और विभिन्न गतिविधियों में भाग लेने के लिए एक आरामदायक और सुलभ वातावरण प्रदान करने के लिए डिजाइन की गई है। नई इमारत एक महत्वपूर्ण सामुदायिक स्थान के रूप में काम करेगी, जो क्षेत्र के वरिष्ठ नागरिकों के लिए बहुत जरूरी समर्थन और जुड़ाव के अवसर प्रदान करेगी। शिलान्यास समारोह में सांसद जोयंत बसुमतारी के साथ-साथ कई गणमान्य व्यक्ति और स्थानीय नागरिक शामिल हुए।

## दिगंबर जैन मंदिर में पर्यूषण पर्व आठ से

**गुवाहाटी।** प्रत्येक वर्ष की भांति इस साल भी पर्वाधिराज पर्यूषण पर्व महोत्सव फैंसी बाजार स्थित श्री दि. जैन (बड़ा) मंदिर में तथा भगवान महावीर धर्म स्थल मे 8 से 17 सितंबर तक विभिन्न कार्यक्रमों के साथ मनाया जाएगा। इस अवसर पर प्रवचन करने हेतु ग्वालियर से परम पूज्य आर्यिका पूर्णमति माताजी की प्रियाग्र शिष्या बा. ब्र. रितू दीदी को आमंत्रित किया गया है। प्रचार प्रसार के मुख्य संयोजक ओमप्रकाश सेठी ने बताया कि कुचामन के सुविख्यात संगीतकार अजीत जैन द्वारा रोजाना प्रातः 6 बजे से 9.30 बजे तक सामुहिक पूजन, विधान, तत्वार्थ सूत्र की व्याख्या आदि सम्पन्न की जाएगी। तथा रोजाना सायं 5:30 बजे से श्रीजी की आरती जैन(बड़ा) मंदिर में तथा महावीर धर्मस्थल में आयोजित की जाएगी। तत्पक्षात ब्र.रितु दीदी के सानिध्य में सायं 7 बजे से ध्यान शिविर व प्रवचन आदि कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। प्रचार प्रसार के सह संयोजक सुनील कुमार सेठी ने बताया कि 13 सितंबर को सुगंध(धुप) दशमी तथा 17 सितंबर को दोपहर 1 अनंत चतुर्दशी का जुलूस निकाला जाएगा।तथा साय: 6 बजे महावीर स्थल में सभी व्रती भाई- बहनों का सार्वजनिक अभिनन्दन किया जाएगा। यह जानकारी प्रचार प्रसार समिति द्वारा एक प्रेस विज्ञप्ति में दी गई है।

## सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौत

**निनसुकिया ( हिंस )।** तिनसुकिया जिले के मार्घेरिटा के एक नंबर लाजूम इलाके में राष्ट्रीय राजमार्ग पर बोलेरो वाहन की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने घटनास्थल पर मौजूद चश्मदीदों के बयान के आधार पर बताया कि बोलेरो वाहन से सड़क पर उतरते समय बोलेरो वाहन का चालक वाहन को आगे बढ़ा दिया। जिसकी वजह से वाहन से उतर रहा व्यक्ति हादसे का शिकार हो गया। उसकी मौके पर की मौत हो गई। मृतक की पहचान आलूबड़ी ताराकुची निवासी मोहम्मद इमताजुल के रूप में की गई है। घटना के बाद मौके से चालक वाहन समेत फरार होने में सफल हो गया। घटना की खबर मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस की टीम ने मृत व्यक्ति के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया है।

## पूर्वोत्तर की पहली एनएबीएल-मान्यता प्राप्त कपड़ा परीक्षण सुविधा केंद्र स्थापित

**गुवाहाटी।** डोनर मंत्रालय के तहत, उत्तर पूर्वी हस्तशिल्प और हथकरघा विकास निगम (एनईएचएचडीसी) गुवाहाटी के गढ़चुक स्थित प्रधान कार्यालय में कपड़ा परीक्षण प्रयोगशाला पूर्वोत्तर भारत में पहली एनएबीएल-मान्यता प्राप्त कपड़ा परीक्षण सुविधा बन गई है। यह प्रतिष्ठित मान्यता क्षेत्र के कपड़ा उद्योग के भीतर परीक्षण और गुणवत्ता आश्वासन के लिए कठोर मानक स्थापित करने में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि का प्रतीक है। नई मान्यता प्राप्त प्रयोगशाला पूर्वोत्तर क्षेत्र (एनईआर) के कपड़ा उत्पादों की असाधारण गुणवत्ता सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। पहले, क्षेत्र में ऐसी सुविधा की कमी के कारण बुनकरों और उत्पादकों को अपने उत्पादों को परीक्षण के लिए कोलकाता भेजना पड़ता था। असम के गुवाहाटी में इस अत्याधुनिक परीक्षण प्रयोगशाला की स्थापना एक महत्वपूर्ण बदलाव का प्रतीक है, जो स्थानीय बुनकरों और निर्माताओं को उच्च गुणवत्ता वाली परीक्षण सेवाओं तक तत्काल पहुंच प्रदान करती है। यह प्रगति एनईआर को प्राथमिकता देगी और सशक्त बनाएगी, जिससे बाजार में उसकी स्थिति बढ़ेगी। प्रत्यायन सक्षम सीएबी की औपचारिक मान्यता प्रदान करता है, इस प्रकार ग्राहकों को उनकी मांगों को पूरा करने के लिए विश्वसनीय परीक्षण (चिकित्सा सहित), अंशांकन, प्रवीणता परीक्षण और संदर्भ सामग्री निर्माता सेवाएं खोजने के लिए एक तैयार साधन प्रदान करता है। प्रत्यायन, मान्यता प्राप्त प्रयोगशालाओं द्वारा जारी परीक्षण/अंशांकन रिपोर्ट को स्वीकार करने में ग्राहकों का विश्वास बढ़ाता है।

## सिलेंडर फटने से लगी आग, बुजुर्ग दंपति की मौत

**बंगाईगांव ( हिंस )।** बंगाईगांव के उत्तरी बइटामारी के बासबाड़ी बाजार में शुक्रवार की रात एक सिलेंडर फटने से तीन व्यापारिक प्रतिष्ठान जलकर राख हो गए।इस आग में एक बुजुर्ग दंपति की जलकर मौत हो गई। पुलिस ने शनिवार को बताया कि बीती रात में एक चाय की दुकान में सिलेंडर फटने के बाद आग लग गई। इस आग से आसपास के तीन व्यापारिक प्रतिष्ठान जलकर राख हो गए। आग में चाय की दुकान में सो एक वृद्ध दंपति की मौत हो गई। वे चाय की दुकान में ही रहते थे। मृतकों की पहचान दुलाल भट्टाचार्य और कौशल्या भट्टाचार्य के रूप में हुई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# *कर लो दर्शन भिक्षु के, कर लो भजन भिक्षु के* प्रतियोगिता आयोजित

## बांटने से बढ़ता है ज्ञान : मुनि प्रशांत

**गुवाहाटी।** मुनि श्री प्रशांत कुमारजी के सान्निध्य में मुनि श्री कुमुद कुमारजी की प्रस्तुति में तेरापंथ युवक परिषद के तत्वावधान में *कर लो दर्शन भिक्षु के, कर लो भजन भिक्षु के* प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। जनसभा को संबोधित करते हुए मुनि श्री प्रशांत कुमारजी ने कहा- स्वाध्याय करते रहना चाहिए। स्वाध्याय ज्ञान विकास का बहुत बड़ा माध्यम है। इतिहास की जानकारी बढ़ती है। तेरापंथ का इतिहास बहुत सुंदर एवं रोचक पुस्तक है। आचार्यों एवं श्रावकों का जीवन दर्शन बहुत प्रेरणा देता है। कार्यक्रम हमारे विकास का माध्यम बनता है। व्यक्ति के जीवन में ज्ञान को विकसित करने के लिए ज्ञान प्राप्ति का लक्ष्य होना जरूरी है। इतिहास, दर्शन, तत्व की जानकारी हमें होनी ही चाहिए।



ज्ञान को बांटने से बढ़ता है। ज्ञान प्राप्ति के लिए वर्तमान में अनेक साधन हैं अपेक्षा इस बात की है कि सद्ज्ञान को ग्रहण किया जाए। ज्ञान विकास का लक्ष्य होने से जानने को मिलता है। अध्ययन, अध्यापन का विकास रहना चाहिए। प्रवचन को ध्यान से सुनें, उससे बहुत ही जानकारी मिलती है। जीवनशैली में, चिंतनशैली में एवं व्यवहार में परिवर्तन आता है। मुनि कुमुद कुमारजी नए-नए कार्यक्रम करवाकर ज्ञान की वृद्धि करते हैं। श्रावक समाज में ज्ञान का मनोभाव विकसित होता रहे। चातुर्मास में कार्यक्रम प्रतियोगिता होती रहती है सभी उत्साह से सहभागी बनें एवं अपना आध्यात्मिक विकास करते रहें। मेहनत करते हैं तो सफलता अवश्य मिलती है। कार्यक्रम के संयोजक महक दुगड़ ने बताया कि मुनि कुमुद कुमारजी एवं संयम छाजेड़ ने कार्यक्रम को संचालित करते हुए दो राउंड में कार्यक्रम को पूर्ण किया। जैन इतिहास, तेरापंथ इतिहास, तत्वज्ञान, सामान्य ज्ञान के प्रश्नों को परिषद से रोचक तरीके से पूछे गए। तेरापंथ युवक परिषद के मंगलाचरण से कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। तेरापंथ युवक परिषद के मंत्री पंकज सेठिया ने कार्यक्रम की भूमिका प्रस्तुत की। तेरापंथ युवक परिषद संगठन मंत्री अंकुश महनोत ने मुनिश्री, प्रायोजक, कार्यक्रम सहयोगी एवं जनसभा का आभार व्यक्त किया। समय पालक की भूमिका अनंत छाजेड़ ने पूर्ण की।

# मेघालय शिक्षा समिति के प्रतिनिधि मंडल ने राज्यपाल से की भेंट, राज्य में शिक्षा के विकास पर हुई चर्चा

**शिलांग।** मेघालय शिक्षा समिति के एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधि मंडल ने मेघालय के माननीय राज्यपाल सीएच विजयशंकर से राजभवन, शिलांग में भेंट की। इस प्रतिनिधि मंडल में विद्या भारती पूर्वोत्तर क्षेत्र के क्षेत्रीय संगठन मंत्री डॉ. पवन तिवारी, मेघालय शिक्षा समिति के अध्यक्ष रिनोह्मो सुन्गोह, और समिति के मंत्री प्रो. सौमेन चक्रवर्ती शामिल थे। प्रतिनिधियों ने राज्यपाल के साथ अपनी इस महत्वपूर्ण मुलाकात के दौरान, विद्या भारती और मेघालय शिक्षा समिति द्वारा राज्य में किए जा रहे शैक्षिक कार्यों और गतिविधियों की विस्तृत जानकारी प्रदान की। उन्होंने राज्यपाल को अवगत कराया कि विद्या भारती, भारत की सबसे बड़ी शैक्षिक संस्था के रूप में कार्य करते हुए 12 हजार से अधिक औपचारिक विद्यालय, 8 हजार से अधिक एकल संस्कार केंद्र, 54 महाविद्यालय सहित 2 विश्वविद्यालयों का संचालन कर रही है, इसके साथ ही मेघालय के ग्रामीण और दुर्गम क्षेत्रों में शिक्षा का प्रचार-प्रसार कर रही है। मेघालय शिक्षा समिति, जो 2008 में स्थापित हुई थी, राज्य के खासी, जयंतिया और गारो हिल्स क्षेत्रों में 10 औपचारिक विद्यालयों और 15 एकल विद्यालयों का संचालन कर रही है, जिनमें 100 से अधिक आचार्य और 1500 से अधिक छात्र पढ़ाई कर रहे हैं। प्रतिनिधियों ने बताया कि मेघालय शिक्षा समिति का उद्देश्य केवल शैक्षिक उत्कृष्टता ही नहीं, बल्कि छात्रों के नैतिक और सांस्कृतिक विकास पर भी



जोर देना है। राज्य में संचालित औपचारिक और अनौपचारिक विद्यालयों के माध्यम से बच्चों को निःशुल्क गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दी जा रही है, जिससे राज्य के युवा शिक्षित और संस्कारित बन सकें। राज्यपाल श्री सी एच विजयशंकर ने मेघालय शिक्षा समिति द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की और कहा कि राज्य के दुर्गम और ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा का प्रसार अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने समिति के प्रयासों को राज्य की शैक्षिक प्रगति में महत्वपूर्ण योगदान बताया और आश्वासन दिया कि राज्य सरकार ऐसे प्रयासों को हर संभव सहयोग प्रदान करेगी। डॉ. पवन तिवारी शिलांग प्रवास के अंतर्गत माननीय राज्यपाल से भेंट के पश्चात समिति की वार्षिक साधारण सभा में सम्मिलित हुए। सभा में समिति का वार्षिक कार्यवृत्त सौमेन चक्रवर्ती तथा ऑडिट रिपोर्ट व बजट अनिल रोका ने प्रस्तुत किया। सभा का संचालन क्षेत्र प्रचार प्रमुख विकाश शर्मा द्वारा किया गया। आगामी वार्षिक कार्ययोजना के बारे में उपस्थित सदस्यों को जानकारी प्रदान की गई। इस अवसर पर प्राणजीत पुजारी की मेघालय के प्रान्त संयोजक के रूप में घोषणा की गई।

*No. KDB-448/SOPD/2023-24/9704* *Date 29/08/2024*

**NOTICE INVITING TENDER**

Sealed tender affixing a non-refundable court fee stamp of Rs. 8.25 (Rupees eight & twenty five) only with a validity period of 180 days, which will subsequently to be converted and drawn up in the printed of F-2 form are invited from the registered contractor Class-I (A, B, C) & Class-II categories Assam P&RD and BTC, according to their eligibility for submitting tenders for the works under 6th ASFC fund for the year 2024-25 as stated below. The tender will be received by the undersigned upto 2.00 PM of 22/09/2024 and will be opened on the next day at 3.00 P.M.

| Sl. No. | Name of work | Location | A.A. Amount (Rs. In lakh) | Cost of bid document | Amount of bid security | Time of completion |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | Const. of crematorium ground at Mukuldang village | Mukuldang | Rs. 19,04,809.00 | 0.03% J | SCST=1% OTH=2% | 3 moths |

Details N.I.T may be seen in all working days during office hours in the office of the undersigned. Tender will be issued to the contractors of their authorized agents from 02/09/2024 to 22/09/2024 In the office of the undersigned on payment in the form of demand draft/banker's cheque from any Nationalized bank, duly pledged in favour of the BDO, Kachugaon Dev. Block, Gurufela.

Sd/-
Block Development Officer,
Kachugaon Dev. Block, Gurufela

***IPR(BTC)/C/2024-25/421***

*No:-CSDB-154/BTC/SOPD/Pt-III/2024-25/456* *Date- 30/08/2024*

**NOTICE INVITING TENDER**

Sealed tender affixing a non refundable court fee stamp of Rs.8.25 (Rupees eight & paise twenty five) only with a validity period of 90 days, which will subsequently to be converted and drawn up in the printed F-2 form are invited from the registered contractors of Class-I (ABC) and Class-II category of Assam PWD (Roads & Building) and BTC according to their eligibility for submitting tenders for the works SOPD for the year 2024-25 under as stated below. The tender will be received by the undersigned up to **2:00 PM on 21/09/2024** and will be opened on the same date & place at 2:30 P.M.

| Sl No. | Name of Works | Tender Amount (Rs) | Cost of Tender Papers | Time of completion |
|---|---|---|---|---|
| 01 | Const, of RCC Box culvert at Alurbhui Village | Rs. 12,00,000.00 | Rs. 360.00 | 03 Month |

Details NIT may be seen in all working days during office hours in the office of the undersigned. Tender papers will be issued to the contractors of their authorized representatives from **19/09/2024 and 20/09/2024** in the office of the undersigned on payment cost of tender paper in the form of demand draft /Bankers cheque from any Nationalized bank duly pledged in favour of the principal secretary, BTC. Kokraihar payable at Kokrajhar.

Sd/-Block Dev. Officer,
Chapar-Salkocha Dev.Block

***IPR(BTC)/C/2024-25/423***

संपादकीय

# 'बहुत हो गया' के मायने

**राष्ट्रपति** द्रौपदी मुर्मू ने बेटियों और महिलाओं के खिलाफ अपराधों पर एक मार्मिक और अभूतपूर्व प्रतिक्रिया दी है। 'अभूतपूर्व' इसलिए है, क्योंकि देश के महामहिम अक्सर कोई सार्वजनिक बयान नहीं देते। राष्ट्रपति केंद्रीय कैबिनेट की सलाह पर ही काम करते हैं। संभवतः तीन पन्नों की यह प्रतिक्रिया सार्वजनिक करने से पूर्व राष्ट्रपति कार्यालय ने इसे प्रधानमंत्री दफ्तर भेजा हो और फिर कैबिनेट की संस्तुति के बाद यह पत्र देश के सामने आया हो! राष्ट्रपति ने अपनी मनःस्थिति बयां करते हुए अपनी निराशा, हताशा और भय का इजहार भी किया है। कल्पना की जा सकती है कि महिलाओं के खिलाफ बर्बर, पाशविक अपराधों ने राष्ट्रपति को कितना झकझोर दिया होगा कि उन्हें कहना पड़ा-'बस, अब बहुत हो गया।' एक राष्ट्र के तौर पर यह शर्मनाक और कलंकित स्थिति है कि राष्ट्रपति को लिखना पड़ा-'किंडरगार्टन की बच्चियों के साथ भी दरिंदगी की जा रही है। आज देश गुस्से में है और मैं भी...।' अब एक समाज के रूप में हम अपने आप से कुछ कठिन सवाल पूछें। राष्ट्रपति मुर्मू ने सवाल किया है कि 2012 में निर्भया कांड के बाद पूरा देश आंदोलित हो उठा था, लेकिन फिर लोगों ने यौन अपराधों को भुला दिया। क्या हमने यही सबक सीखा था? क्या हम 'सामूहिक स्मृतिलोप' के शिकार हैं? यह दुखद है और घिनौना भी है।' दरअसल राष्ट्रपति ने समाचार एजेंसी 'पीटीआई' के संपादकों से बातचीत की थी। बाद में उन्होंने तीन पन्नों का पत्र उन्हें लिखा। राष्ट्रपति ने उसमें उल्लेख किया है कि 'रक्षा बंधन' मनाने कुछ बच्चे 'राष्ट्रपति भवन' आए थे। उन्होंने 'निर्भया कांड' जैसी घटनाओं के मद्देनजर मुझसे सवाल पूछे। मैंने उन्हें 'मार्शल आट्र्स' की ट्रेनिंग के बारे में बताया। हालांकि मैं जानती थी कि यह सुरक्षा की गारंटी नहीं है, लेकिन अब उन बच्चों के सवालों के जवाब समाज ही दे सकता है। किसी भी सभ्य समाज में बेटियों, महिलाओं के खिलाफ ऐसे जघन्य अपराध स्वीकार्य नहीं हैं, बर्दाश्त नहीं किए जा सकते। हमें ईमानदार, निष्पक्ष आत्म-निरीक्षण की जरूरत है। अब हम न केवल इतिहास का सामना करें, बल्कि अपनी आत्मा के भीतर भी झांकें और इन अपराधों के कारणों की जांच करें। कोलकाता में एक तरफ प्रदर्शन हो रहे थे, दूसरी तरफ अपराधी भी घूम रहे थे। महिलाओं को कमतर आंकना भी घृणित मानसिकता है। कोलकाता कांड ने राष्ट्रपति मुर्मू के मानस को झकझोरा होगा, लेकिन उन्होंने देश भर में बढ़ते बलात्कारों और हत्याओं के प्रति अपनी चिंता और सरोकार जताया है। बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और विपक्ष के अन्य राजनीतिक दलों को इस पत्र से चिढ़ना नहीं चाहिए अथवा 'राजनीतिक पत्र' नहीं आंकना चाहिए। हम अब एक परिपक्व गणतंत्र हैं, लिहाजा राष्ट्रपति के ऐसे सार्वजनिक कथन पर विचार करना चाहिए। चूंकि भारत के राष्ट्रपति ने पत्र लिख कर देश के हालात पर निराशा और पीड़ा जताई है, जाहिर है कि शेष विश्व भी यह पत्र पढ़ेगा और एकबारगी सोचेगा कि क्या भारत बलात्कारियों का देश है? भारत का अपमान होगा, उसकी छवि पर कालिख पुतेगी, क्योंकि राष्ट्रपति ने ही क्षोभ जताया है। हालात इस पराकाष्ठा तक पहुंच चुके हैं कि राष्ट्रपति को कहना पड़ा है-'बस, अब बहुत हो गया।' राष्ट्रपति के इस कथन की अलग-अलग व्याख्याएं की जा सकती हैं। इसे बंगाल में अनुच्छेद 356 के तहत राष्ट्रपति शासन लगाने की पृष्ठभूमि माना जा सकता है, लेकिन किसी भी राष्ट्रपति ने अनुच्छेद 356 चस्पां करने के संकेत तक भी सार्वजनिक नहीं किए हैं।

राष्ट्र पति केंद्रीय कैबिनेट की सलाह पर ही काम करते हैं। संभवत: तीन पन्नों की यह प्रतिक्रिया सार्वजनिक करने से पूर्व राष्ट्र पति कार्यालय ने इसे प्रधानमंत्री दफ्तर भेजा हो और फिर कैबिनेट की संस्तुति के बाद यह पत्र देश के सामने आया हो! राष्ट्र पति ने अपनी मन:स्थिति बयां करते हुए अपनी निराशा, हताशा और भय का इजहार भी किया है। कल्पना की जा सकती है कि महिलाओं के खिलाफ बर्बर, पाशविक अपराधों ने राष्ट्र पति को कितना झकझोर दिया होगा कि उन्हें कहना पड़ा-'बस, अब बहुत हो गया।' एक राष्ट्र के तौर पर यह शर्मनाक और कलंकित स्थिति है कि राष्ट्र पति को लिखना पड़ा-'किंडरगार्टन की बच्चियों के साथ भी दरिंदगी की जा रही है। आज देश गुस्से में है और मैं भी...।' अब एक समाज के रूप में हम अपने आप से कुछ कठिन सवाल पूछें। राष्ट्र पति मुर्मू ने सवाल किया है कि 2012 में निर्भया कांड के बाद पूरा देश आंदोलित हो उठा था, लेकिन फिर लोगों ने यौन अपराधों को भुला दिया। क्या हमने यही सबक सीखा था? क्या हम 'सामूहिक स्मृतिलोप' के शिकार हैं? यह दुखद है और घिनौना भी है।' दरअसल राष्ट्र पति ने समाचार एजेंसी 'पीटीआई' के संपादकों से बातचीत की थी। बाद में उन्होंने तीन पन्नों का पत्र उन्हें लिखा।

### सरकार इसके लिए बाकायदा किसी पुलिस वाले की ड्यूटी को लगा नहीं सकती थी

# ममता का बंगाल और बेखौफ अपराधी

कुलदीप चंद अग्निहोत्री

सरकार का काम अपराधियों को दंड देना और नागरिकों के जान और माल की रक्षा करना है। लेकिन पश्चिम बंगाल में सरकार अपराधियों के जान-माल की सुरक्षा के लिए तत्पर और महिला डाक्टर की जघन्य हत्या को आत्महत्या कह कर कूड़ेदान में डाल देने की कोशिश कर रही है। इतना ही नहीं, जब हत्या का हल्ला पडऩे लगा तो बंगाल सरकार को सबसे पहली यह चिंता हुई कि किसी तरह से घटना के स्थान से बलात्कार और हत्या के सबूतों को खत्म कर दिया जाए।

**कोलकाता** के आरजी कर राजकीय अस्पताल में एक डाक्टर के साथ बलात्कार के बाद उसकी अमानुषिक ढंग से हत्या कर दी गई। ऐसा जघन्य कार्य किसी भी प्रदेश में हो सकता है और इससे पहले हुआ भी होगा। लेकिन अन्य स्थानों पर हुए इस प्रकार के जघन्य अपराध और कोलकाता में हुए इस जघन्य अपराध के बीच एक बहुत बड़ा अंतर है। वह अंतर यह है कि ममता बनर्जी की पश्चिम बंगाल सरकार हर हालत में अपराधियों के साथ और उनको किसी भी तरह बचाने का प्रयास कर रही है। सरकार का काम अपराधियों को दंड देना और नागरिकों के जान और माल की रक्षा करना है। लेकिन पश्चिम बंगाल में सरकार अपराधियों के जान-माल की सुरक्षा के लिए तत्पर और महिला डाक्टर की जघन्य हत्या को आत्महत्या कह कर कूड़ेदान में डाल देने की कोशिश कर रही है। इतना ही नहीं, जब हत्या का हल्ला पडऩे लगा तो बंगाल सरकार को सबसे पहली यह चिंता हुई कि किसी तरह से घटना के स्थान से बलात्कार और हत्या के सबूतों को खत्म कर दिया जाए। सरकार इसके लिए बाकायदा किसी पुलिस वाले की ड्यूटी को लगा नहीं सकती थी। इस काम के लिए आनन फानन में लगभग सात हजार लोगों की भीड़ एकत्रित की गई जिसने अस्पताल पर धावा बोल दिया। पुलिस मूकदर्शक बन कर तमाशा देखती रही।

नाटक को विश्वसनीय बनाने के लिए इक्का दुक्का पुलिस के सिपाहियों पर भी हमला कर दिया गया ताकि नाटक में यह भाव आए कि पुलिस उपद्रवियों की भीड़ को रोकती रही, लेकिन स्थिति उसके नियंत्रण से बाहर हो गई। इस तथाकथित नियंत्रण से बाहर हुई भीड़ ने उस सेमिनार हाल पर हमला कर दिया जहां उस अभागी डाक्टर की बलात्कार के बाद हत्या कर दी गई थी। मेडिकल संस्थान ने तो उससे भी ज्यादा फुर्ती दिखाई। उसने उस सेमिनार हाल के कुछ हिस्से को गिरवाकर, उस हाल का नवनिर्माण अभियान चला दिया। लेकिन अब तक संस्थान के डाक्टर अपनी एक सहयोगी डाक्टर की इस अमानवीय हत्या के खिलाफ सडक़ों पर निकल चुके थे। अब तक कालेज के निदेशक डा. संदीप घोष पर चारों ओर से शक की सूईयां घूमने लगी थीं। भ्रष्टाचार से लेकर अस्पताल में लावारिस लाशों की बिक्री तक के चर्चे मीडिया में आने शुरू हो गए। यह सबको



पहले से ही पता था कि घोष बाबू तृणमूल कांग्रेस में भी सक्रिय रहते ही हैं। लेकिन वही घोष बाबू अब तृणमूल कांग्रेस की सक्रियता के साथ साथ घटनास्थल सेमिनार हाल के कुछ हिस्से को तोडऩे के काम में भी सक्रिय हो रहे थे। तृणमूल और घोष बाबू दोनों समझ गए थे कि हालात जिस मोड़ पर पहुंच गए हैं, वहां उनका इस अस्पताल में रहना मुमकिन नहीं रहा। लेकिन ममता की ममता की दाद देनी होगी कि उन्होंने उसे तुरंत दूसरे मेडिकल कालेज का प्रिंसिपल बना दिया। एक रहस्य अभी तक नहीं सुलझ पाया कि आनन फानन में बलात्कार स्थल पर हजारों लोगों की भीड़ किसने और कैसे इकट्ठी की। इतना तो निश्चित है कि बलात्कार और हत्या का दोषी संजय राय अपने बलबूते इतने कम समय इतनी आक्रामक भीड़ इकट्ठी नहीं कर सकता था। यकीनन इस भीड़ को बुलाने वाला गैंग कोई और था। लेकिन यह गैंग अपराध के सभी सबूत खतरा लेकर भी क्यों मिटाना चाहता था? इस गैंग का संजय राय से क्या संबंध है? पुलिस ने किसके आदेश पर गैंग को बेखौफ होकर काम करने दिया?

यहां तक कि पुलिस पिटती रही लेकिन उसने प्रतिकार नहीं किया। पुलिस को यह आदेश प्रिंसिपल संदीप घोष तो नहीं दे सकता था। इतनी बड़ी उसकी औकात नहीं थी। लेकिन एक बात स्पष्ट है कि भीड़ इकट्ठी करने वाला गैंग और प्रिंसिपल घोष बाबू दोनों ही किन्हीं कारणों से अपराधी संजय राय को बचाने का प्रयास कर रहे थे। किन्हीं बड़े कारणों या स्वार्थों के कारण ही ऐसा सम्भव है। इसलिए प्रश्न उठता है कि ऐसे कौन लोग हैं जिनके स्वार्थ संजय राय को बचाने में हो सकते हैं? संजय राय की गतिविधियां इस मेडिकल कालेज तक ही सीमित थीं। इसलिए जाहिर है कि वे स्वार्थ अस्पताल के अंदर ही हो सकते हैं। इस मोड़ पर प्रिंसिपल संदीप घोष शक के घेरे में आता है। लेकिन यहीं मामला समाप्त नहीं होता। ममता बनर्जी संदीप घोष को बचाने की कोशिश करती दिखाई दे रही हैं। वे उसे विवादग्रस्त अस्पताल से पदमुक्त होने पर तुरंत दूसरे विख्यात अस्पताल में नियुक्त कर देती हैं। इतना ही नहीं, ममता बनर्जी बाकायदा सडक़ पर जुलूस निकालती हैं। यह जुलूस परोक्ष रूप से उनके खिलाफ था जो प्रिंसिपल को सजा देने और उसके घपलों और आचरण की जांच की मांग कर रहे थे। उनका कहना था कि महिला डाक्टर को जो बलात्कार और हत्या के रूप में सजा दी गई, उसके तार कहीं न कहीं अस्पताल के घोटालों से जुड़े हैं। यह प्रश्न सचमुच आश्चर्यचकित करता है कि बंगाल में जब भी कहीं महिलाओं से बलात्कार का मामला सामने आता है तो ममता बनर्जी की सरकार अपराधी के साथ खड़ी दिखाई देती है। संदेशखाली में भी ऐसा ही हुआ था और अब आरजी कर अस्पताल मामले में भी ऐसा ही हो रहा था। शायद यही कारण था कि कोलकाता उच्च न्यायालय और बाद में देश के उच्चतम न्यायालय ने पूरे घटनाक्रम का संज्ञान लेते हुए सबसे पहले जांच का सारा मामला ममता बनर्जी की पुलिस के हाथों से छीनकर सीबीआई को सौंप दिया।

केवल रिकार्ड के लिए, ममता बनर्जी ने सीबीआई को बंगाल में किसी आपराधिक मामले की जांच करने का अधिकार समाप्त कर रखा था। लेकिन उच्चतम न्यायालय ने इसके बावजूद यह मामला सीबीआई को जांच के लिए दिया। इतना ही नहीं, न्यायालय ने अस्पताल में सुरक्षा का जिम्मा भी बंगाल पुलिस के हाथ से लेकर केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल को सौंप दिया। छात्रों ने महिला डाक्टर की हत्या के विरोध में शांति मार्च निकाला तो पुलिस ने उनकी जिस हिसाब से पिटाई की, वह अपने आप में कुख्यात मिसाल बन गई है। छात्राओं तक को सडक़ पर घसीट कर डंडों से पीटा गया। अंततः ममता ने घोषणा कर दी कि यदि अस्पताल के इस मामले को लेकर कोई बंगाल में आग लगाएगा, तो हम भी पूरे पूर्वोत्तर में आग लगा देंगे। अपराध के अधिकांश सबूत मिटाने के बाद ममता विधानसभा में बिल लाएंगी कि अपराधियों को दस दिन के अंदर फांसी पर लटका दिया जाए।

दृष्टि कोण

# बेतुकी बयानबाजी का हक नहीं नेताओं को

**टीवी** पर एक कार्यक्रम आया करता है 'आपकी अदालत'। इस अदालत के 'वकील' से किसी ने पूछा था, 'अभिनेता अच्छे नेता होते हैं या नेता अच्छे अभिनेता', तो 'वकील साहब' को यह कहने में तनिक भी देरी नहीं लगी कि नेता अच्छे अभिनेता होते हैं! और इस उत्तर पर श्रोताओं ने खूब तालियां बजायी थीं– अर्थात श्रोता भी यह जानते-मानते थे कि हमारे नेता अच्छे अभिनेता हैं! नेता-अभिनेता वाला यह प्रसंग आज अचानक तब याद आ गया जब एक नयी-नयी नेता बनी अभिनेत्री को किसान-आंदोलन के संदर्भ में यह कहते सुना कि हमारे देश में भी बांग्लादेश जैसे हालात पैदा करने का षड्यंत्र रचा जा रहा था। उसी सांस में उस नेता-अभिनेता ने यह भी कह दिया कि साल भर से अधिक समय तक चलने वाले उस आंदोलन में 'लाशें लटकी हुई थीं और बलात्कार हो रहे थे।' यह सही है कि उस आंदोलन के दौरान अनेक किसानों की मृत्यु हुई थी, पर उसे 'लाशें लटकना' कहना क्या माने रखता है, यह बात शायद उस अभिनेता को समझ नहीं आयी थी, और फिर किसान आंदोलन के दौरान दुराचार की बात करने से कितना राजनीतिक नुकसान हो सकता है, यह भी उस अभिनेत्री की समझ से परे की बात थी। यह नेता-अभिनेता भाजपा की सांसद हैं, और भाजपा का शीर्ष नेतृत्व इस नुकसान को समझ रहा था। उसने तत्काल इस नए नेता को चुप रहने का आदेश दिया। स्पष्ट कह दिया गया कि यह नयी बनी नेता अपने मन की बात कह रही थी, और पार्टी की ओर से नीति-विषयक बयान देने का उसे कोई अधिकार नहीं है। निकट भविष्य में ही हरियाणा में होने वाले चुनाव को देखते हुए भाजपा की यह सफाई ज़रूरी थी। इस स्पष्टीकरण से नुकसान की कितनी भरपाई हुई है यह तो आने वाला कल ही बतायेगा, पर यह सारा प्रसंग इस बात का एक और उदाहरण है कि हमारा राजनीतिक नेतृत्व सुर्खियां बटोरने और राजनीतिक लाभ उठाने के लिए, कभी भी, कुछ भी कह सकता है! ऐसे अवसर पर बड़ी आसानी से राजनीतिक नेतृत्व यह कहकर अपना पल्ला झाड़ लेता है कि यह कथित नेता का निजी बयान है। सवाल उठता है, इस तरह की निजी राय रखने वाले व्यक्ति को राजनीतिक पार्टियां तरजीह ही क्यों देती हैं? किसी भी राजनीतिक दल का सदस्य होने का सबसे महत्वपूर्ण मतलब यह होता है कि व्यक्ति पार्टी की रीति-नीति में विश्वास रखता है। उसका आचरण इसी विश्वास के अनुरूप होना चाहिए। लेकिन, दुर्भाग्य से, हमारे देश में नीतियों के आधार पर राजनीतिक दलों का बनना और चलना अब कतई आवश्यक नहीं रहा! रीतियों-नीतियों को लेकर दावे ज़रूर किए जाते हैं, पर व्यवहार में ऐसा कुछ दिखाई नहीं देता। यदि ऐसा न होता तो नेताओं का आये दिन दल बदलना हमारी राजनीति का हिस्सा नहीं बनता। न किसी व्यक्ति को दल बदलते हुए कोई शर्म आती और न ही किसी दल को किसी ऐसे व्यक्ति को अपने साथ जोड़ने में कोई संकोच होता है जिसे वह कल तक भ्रष्ट, अपराधी और न जाने क्या-क्या कहकर दुत्कारा करता था। मतदाता किसी उम्मीदवार को वोट देते समय जिन दो बातों का मुख्य रूप से ख्याल रखता है, उनमें पहली व्यक्ति की वैयक्तिक ईमानदारी है और दूसरी उसके दल की रीति-नीति। दुर्भाग्य से, अब हमारी राजनीति में इन दोनों बातों का कोई महत्व नहीं रह गया है— महत्व सिर्फ राजनीतिक स्वार्थ साधने का है। सामान्य व्यवहार में भी सामान्य जन इस बात का ध्यान रखता है कि 'चार लोग क्या कहेंगे?' पर हमारे राजनेताओं को कुछ भी कहने-करने में संकोच नहीं होता। किसी ने भाजपा की उस नेत्री से यह नहीं पूछा कि उसने हत्याओं और बलात्कारों वाली बात किस आधार पर कही थी? और अब भी उसने अपनी उस आपराधिक गलतबयानी पर क्षमा क्यों नहीं मांगी? वस्तुतः जुमलेबाजी हमारी राजनीति का एक ज़रूरी हिस्सा बन गयी है। राजनेता और राजनीतिक दल इस जुमलेबाजी को अपना अचूक हथियार मानर चलते हैं। राजनीतिक स्वार्थ का साधना ही एकमात्र कसौटी है जिस पर वे अपने कहे-किये को नापते हैं! कौन भूल सकता है कि सत्तारूढ़ पार्टी के सर्वोच्च नेताओं में से एक ने बड़ी आसानी से प्रधानमंत्री की 15 लाख रुपये वाली बात को चुनावी जुमला कहकर पीछा छुड़ा लिया था। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के हत्यारे को महान घोषित करने वाले को कभी मन से न माफ कर पाने की बात भी हमारे प्रधानमंत्री ने ही कही थी— फिर उसी व्यक्ति को पार्टी का उम्मीदवार घोषित कर दिया गया! क्या यह नहीं पूछा जाना चाहिए कि क्या उस नेता को मन से माफ कर दिया गया है? कुछ भी कह कर भूल जाने का यह अधिकार राजनेताओं को किसने दिया है? और सवाल यह भी है कि क्या मतदाता को अपने नेता द्वारा कही गयी बात को याद नहीं रखना चाहिए।

कुछ अलग

# मुझे पुरस्कार मिल जाए तो...

**प्रतिकूल** परिस्थितियों के बावजूद यदि मुझे पुरस्कार मिल जाए तो मेरे लिए अत्यंत हर्ष की बात होगी। परंतु यह हर्ष नितांत मेरा होगा। काश! इसमें मेरे समानधर्मा साहित्यकार और सगे-सम्बन्धी भी शामिल होते। वैसे साहित्य सेवा करते हुए मुझे तीस वर्ष का लम्बा समय बीत गया है, अतः कोई भी संस्था-अकादमी चाहे तो मुझे अपने पुरस्कार-सम्मान से नवाज सकती है। परंतु बात वही है कि मुझे पुरस्कार मिल जाए तो यह अनहोनी साहित्य जगत को पचाना मुश्किल हो जाएगा। बिना पुरस्कार प्राप्त किए ही जब मेरे समकालीन समानधर्मा साहित्यकार मुझसे दुःखी रहते हैं, तो यदि कोई लक्खी पुरस्कार मिल गया तो वह राशि उनके कष्टों के साथ-साथ मेरे व्यक्तिगत कष्टों में कई गुणा वृद्धि करने के लिए जिम्मेदार नहीं होगी? एक बार मुझे एक स्थानीय संस्था ने मात्र माला पहनाकर तालियां बजवाई थी, उसमें भी मेरी खासी आलोचना हुई थी। लोगों ने इसे प्रायोजित कार्यक्रम बताया था। साहित्यकारों के घरों में कई दिनों तक मातमी धुनें बजती रही थीं। दरअसल मैं ठहरा अपनी धुन का साहित्यकार। थोड़ा रिजर्व नेचर का होने से समानधर्मा मुझे अहंकारी और घमंडी मानने लगे हैं। उन्होंने मुझे व्यावसायिक लेखक होने का तोहफा दिया है, जबकि मैं देश की उन्हीं पत्र-पत्रिकाओं में लिखता रहा हूं, जिनमें वे लोग लिखते हैं। फर्क इतना-सा है कि वे लिखने में थोड़ा शिथिल हैं, जबकि मैं गतिमान हूं। मेरा यही गतिमान होना ही मुझे अलग-थलग छोड़ देने का मुख्य कारण है। कोई मुझसे मिलना नहीं चाहता, बोलना नहीं चाहता और यहां तक कि वे मुझे अपने गुटों में घुसने नहीं देते। इतनी डरावनी परिस्थितियों में यदि मुझे पुरस्कार मिल जाए तो असंख्य आपत्तियां और विपत्तियां उठ खड़ी हो सकती हैं। मुझे ही क्या, पुरस्कार देने वाली संस्था-अकादमी को भी नहीं बख्शा जाएगा। संस्था कार्यक्रम करेगी तो मेरे परिवारजनों के अलावा समारोहों में आएगा कौन? मुझे पता है वह समय मेरे लिए न सही, उस संस्था के लिए कितना अपमानपूर्ण होगा। साहित्य का पुरस्कार हो और उसमें साहित्यकार ही सम्मिलित न हों तो उस पुरस्कार की महत्ता क्या रह जाती है? कल्पना के घोड़े जब मेरे पुरस्कार लेने के मामले में दौड़ाता हूं तो अशुभ ज्यादा दिखाई देता है। मैं तो काली सूची में हूं ही, वह सम्मानीय संस्था भी इसी श्रेणी में घोषित की जा सकती है। इसीलिए ज्यादातर मुझे यही लगता रहता है कि मुझे साहित्य का पुरस्कार नहीं मिल सकता। इसीलिए मैंने पुरस्कार मिलने पर 'तो' लगाया है। वैसे लिखने-पढऩे और काम के आधार पर तो मुझे पुरस्कार न्यायोचित हो सकता है, लेकिन साहित्यगत में मेरी स्थिति सर्वथा भिन्न होने से पुरस्कार मिलना बहुत दुःखद घटना के रूप में भी लिया जा सकता है। जब मेरे लिखने-पढऩे से ही माहौल दूषित है तो पुरस्कार से मुझे नवाजा जाना मेरे अलावा किसे रास आएगा? एक बार मुझे पुरस्कृत करने की अफवाह मात्र उड़ी थी, उसी से उस संस्था के पास मेरे खिलाफ असंख्य आपत्तियां पहुंच गई थी। वास्तविकता का तो मुझे पता नहीं है, लेकिन इससे हुआ यह कि उस संस्था ने उस वर्ष से पुरस्कार देने की योजना ही आज तक स्थगित कर रखी है। अब संस्था दूसरे कार्यक्रम समारम्भ करने की योजना बना रही है, पुरस्कृत करने का घिनौना कार्यक्रम स्थायी रूप से बंद करने की सोच रही है।

देश दुनीया से

# आरक्षण खत्म करने की बात कौन करेगा?

सर्वोच्च न्यायालय की सात न्यायधीश की संविधान पीठ आरक्षण में क्रीमीलेयर लागू करने की बात की तो विपक्ष ने राजनैतिक लाभ उठाने के लिए इसका विरोध शुरू कर दिया। हांलाकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आश्वस्त कर चुके हैं कि आरक्षण में क्रीमीलेयर लागू नहीं होगा, इसके बावजूद आरक्षण समर्थक राजनैतिक दलों ने इसके विरूद्ध आंदोलनरत हैं। अभी वे भारत बंद का आह्वान कर ही चुके हैं। इससे पहले कर्नाटक में प्राइवेट नौकरी में स्थानीय के लिए शत प्रतिशत आरक्षण को लागू करने पर खड़ा हो गया। हांलाकि प्रदेश कैबिनेट में पास किया गया ये कानून विरोध को देखते हुए ठंडे बस्ते में डाल दिया गया है, पर खत्म नहीं किया गया।

**दलित** और पिछड़े युवाओं के उत्थान के लिए लाया गया आरक्षण अब सत्ता में पहुंचने माध्यम बनता जा रहा है। अलग-अलग राज्य में राजनैतिक दल जहां आरक्षण को अपने हिसाब से अदल-बदल रहे हैं, वही प्राइवेट सेक्टर में भी आरक्षण लागू करने की कोशिश हो रही है। कुछ राज्यों ने अपने यहां ये आरक्षण लागू किया पर वहां के हाईकोर्ट ने उसे अवैध बताते हुए रोक लगा दी, पर ये कोशिश जगह-जगह जारी है। सर्वोच्च न्यायालय की सात न्यायधीश की संविधान पीठ आरक्षण में क्रीमीलेयर लागू करने की बात की तो विपक्ष ने राजनैतिक लाभ उठाने के लिए इसका विरोध शुरू कर दिया। हांलाकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आश्वस्त कर चुके हैं कि आरक्षण में क्रीमीलेयर लागू नहीं होगा, इसके बावजूद आरक्षण समर्थक राजनैतिक दलों ने इसके विरूद्ध आंदोलनरत हैं। अभी वे भारत बंद का आह्वान कर ही चुके हैं। इससे पहले कर्नाटक में प्राइवेट नौकरी में स्थानीय के लिए शत प्रतिशत आरक्षण को लागू करने पर खड़ा हो गया। हांलाकि प्रदेश कैबिनेट में पास किया गया ये कानून विरोध को देखते हुए ठंडे बस्ते में डाल दिया गया है, पर खत्म नहीं किया गया। मुख्यमंत्री ने कहा है कि अगली कैबिनेट की बैठक में इस पर फिर विचार होगा। हाल के लोकसभा चुनाव के अंतिम चरण के आते-आते प्रचार आरक्षण पर आकर सिमट गया। भाजपा नेता अपने भाषणों में दावा कर रहे है कि हम देश में मुस्लिम आरक्षण लागू नही होने देंगे। खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपनी सभाओं में मुस्लिम आरक्षण पर चिंता जाहिर कर रहे हैं। वह कह रहे हैं कि सत्ता में आते ही इंडिया गठबंधन दलित और पिछडों का आरक्षण काटकर मुस्लिमों को दे देगा। वे देश का विभाजन करवा देंगे। इस पर कुछ बड़े नेता तो चुप्पी साधे है किंतु समाजवादी पार्टी के सांसद एसटी हसन ने एक बयान में कहा है कि इंडिया गठबधंन के सत्ता में आते ही संविधान में संशोधन कर मुस्लिमों को सरकारी सेवाओं में आरक्षण दिया जाएगा। देश को आजाद हुए 75 साल से ज्यादा हो गए। आजादी के बाद दलित समाज को विकास की धारा में शामिल करने के लिए दस साल के लिए आरक्षण की व्यवस्था की गई थी। आज ये आरक्षण राजनेताओं को सत्ता में पंहुचने का माध्यम नजर आने लगा है, वे इसे बढ़ाने की बात कर रहे हैं। खत्म करने की नहीं। किसी को यह सोचने की फुरसत नही कि आरक्षण की मार से बचने के लिए देश के प्रतिभाशाली युवा आज विदेशों में जाकर शिक्षा ले रहे है। शिक्षा पूरी कर वहीं नौकरी या व्यवसाय कर चुने गए देश के विकास में योगदान कर रहे हैं। भारत के बाहरर जाकर बसी भारत की मेधा से प्रभावित होते देश के विकास पर किसी को सोचने का समय नहीं। प्राइवेट सेक्टर की नौकरियों में आरक्षण को लेकर कर्नाटक सरकार ने यूटर्न ले लिया है। सरकार ने पहले सी और डी कैटेगरी की प्राइवेट नौकरियों में स्थानीय लोगों को आरक्षण देने की बात कही थी। फिलहाल, आरक्षण के उस फैसले पर रोक लगा दी गई है। कैबिनेट ने फैसला स्थगित कर दिया है। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने प्राइवेट सेक्टर में कन्नड़ लोगों को 100 फीसदी आरक्षण देने को लेकर सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट की थी। अपनी इस पोस्ट में उन्होंने कहा, हम कन्नड़ समर्थक सरकार हैं। सरकार के इस फैसले का चौतरफा विरोध होने पर इस पर रोक लगा दी गई। सरकार का कहना है कि इस बिल पर वह पुनर्विचार करेगी। देश में यह पहला ऐसा मामला नहीं है। कर्नाटक से पहले प्राइवेट सेक्टर में स्थानीय लोगों को आरक्षण देने के लिए आंध्र प्रदेश और हरियाणा में कोशिश की गई थी. वहीं, मध्य प्रदेश में भी सरकार ने ऐसा ही कहा था, लेकिन यह कोशिश रंग नहीं ला पाई थी। 2019 में आंध्र प्रदेश में पहली बार ऐसा कोई कानून बना था जहां 75 प्रतिशत स्थानीय लोगों को प्राइवेट नौकरियों में आरक्षण देने की बात कही गई थी। पर हाईकोर्ट ने इसे असंवैधानिक बताते हुए रद्द कर दिया था। फिलहाल, ये मामला सुप्रीम कोर्ट में है। महाराष्ट्र में 2019 में शिवसेना-कांग्रेस और एनसीपी के गठबंधन की सरकार बनने के बाद प्राइवेट नौकरियों में स्थानीयों को 80 प्रतिशत नौकरियां देने का प्रस्ताव लाया गया था। सरकार सरकार इसे विधानसभा में भी लाना चाहती थी। लेकिन इसे लाया नहीं गया। कर्नाटक में कई बार प्राइवेट जॉब में कन्नड़ों के लिए आरक्षण तय करने की कोशिश हो चुकी है। सिद्धारमैया सरकार में ये तीसरी बार है जब ऐसी कोशिश हो रही है। इससे पहले 2014 और 2017 में भी सरकार कोशिश कर चुकी है। वहीं अक्टूबर 2020 में येदियुरप्पा की अगुवाई में बीजेपी सरकार ने प्राइवेट नौकरियों में ग्रुप सी और डी में 75 प्रतिशत आरक्षण स्थानीयों को देने का ऐलान किया था। हालांकि, ये लागू नहीं हो सका था।

आप का नजरीया

# खेल प्रतिभाएं

**लोगों** को खेलों के महत्व के बारे में जागरूक करने, खेल संस्कृति को बढ़ावा देने, खेलों को अपने जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाकर फिट एवं स्वस्थ रहने के लिए प्रोत्साहित करने के मकसद से 29 अगस्त को राष्ट्रीय खेल दिवस मनाया गया। वास्तव में हॉकी के जादूगर के रूप में विख्यात मेजर ध्यानचंद के जन्मदिन के अवसर पर यह दिन मनाने का सबसे प्रमुख उद्देश्य अनुशासन, दृढ़ता, खिलाड़ी भावना, टीम वर्क इत्यादि खेलों के मूल्यों के बारे में जागरूकता फैलाना है। इस वर्ष राष्ट्रीय खेल दिवस का महत्व इसलिए भी बहुत ज्यादा है क्योंकि इसी महीने कुछ भारतीय खिलाड़ी पेरिस ओलंपिक में भारत की विजय पताका फहराकर लौटे हैं। यह गर्व का विषय है कि भारतीय खिलाड़ी अब क्रिकेट हो या निशानेबाजी, बैंडमिंटन हो या टेबल टेनिस, भारोत्तोलन हो या कुश्ती, हॉकी हो या भाला फैंक, तमाम खेल स्पर्धाओं में वैश्विक मंचों पर सफलता की इबारत लिख रहे हैं। पेरिस ओलंपिक में भले ही भारत के पदकों की संख्या इस बार पिछली बार से कम रही, लेकिन छह खिलाडियों ने पदक जीतकर और कुछ ने अपने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन कर देश को गौरवान्वित किया। मनु भाकर, सरबजोत सिंह, स्वप्निल कुसाले, नीरज चोपड़ा, अमन सहरावत तथा भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने तो ओलंपिक में पदक जीतकर देश में जश्न का माहौल बना दिया। ऐसे में राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर ओलंपिक विजेताओं के प्रदर्शन पर चर्चा करना जरूरी है। भारत को पेरिस ओलंपिक में सबसे पहली जीत दिलाई थी मनु भाकर ने, जिन्होंने ऐसा कमाल कर दिखाया था, जो 1904 के बाद से किसी भी ओलंपिक में कोई भी भारतीय खिलाड़ी नहीं कर पाया था। पहला कांस्य पदक जीतने के साथ ही वह ओलंपिक के इतिहास में भारत के लिए निशानेबाजी में पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला शूटर बन गई और उस पदक के साथ ही मनु ने शूटिंग में भारत के पदक के 12 वर्ष के सूखे को भी खत्म किया। ओलंपिक के 124 वर्ष के इतिहास में मनु से पहले भारत को शूटिंग में केवल 4 पदक ही नसीब हुए थे, जबकि भारत केवल पेरिस ओलंपिक में ही मनु के दो पदकों सहित कुल 3 पदक जीतने में सफल हुआ। निशानेबाज सरबजोत सिंह ने 30 जुलाई को मनु के साथ मिक्स्ड 10 मीटर एयर पिस्टल का कांस्य पदक जीता था। सरबजोत के लिए यह पदक इसलिए बेहद महत्वपूर्ण था क्योंकि वह अपने पहले ओलंपिक में भाग ले रहे थे। सरबजोत ने इससे पहले 2023 में भोपाल में आयोजित हुए आईएसएसएफ विश्वकप में 10 मीटर एयर पिस्टल में स्वर्ण पदक जीता था तथा दक्षिण कोरिया में आयोजित हुई 15वीं एशियाई शूटिंग चौंपियनशिप में कांस्य पदक जीतकर ओलंपिक के लिए क्वालीफाई किया था। एक अगस्त को पेरिस ओलंपिक में 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन शूटिंग स्पर्धा में भारत के लिए तीसरा पदक जीता महाराष्ट्र के स्वप्निल कुसाले ने। ओलंपिक में भारत के राष्ट्रीय खेल हॉकी में मिली जीत के दृष्टिगत 8 अगस्त का दिन तो भारत के लिए ऐतिहासिक रहा, जब भारत हॉकी में लगातार दूसरे ओलंपिक में पदक जीतने में सफल हुआ।




# केंद्र सरकार ने एनएचपीसी लिमिटेड को 'नवरत्न' कंपनी का दर्जा प्रदान किया

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की एनएचपीसी लिमिटेड को केंद्र सरकार ने 'नवरत्न' कंपनी का प्रतिष्ठित दर्जा प्रदान किया है। इसके अलावा सरकार ने सार्वजनिक क्षेत्र के अन्य उपक्रमों एसजेवीएन और एसईसीआई को भी 'नवरत्न' का दर्जा दिया है।

विद्युत मंत्रालय ने शनिवार को जारी बयान में बताया कि सार्वजनिक उद्यम विभाग (वित्त मंत्रालय) द्वारा 30 अगस्त, 2024 को जारी आदेश के मुताबिक एनएचपीसी को 'नवरत्न' कंपनी घोषित किया गया है, जिससे इसे अधिक परिचालन और वित्तीय स्वायत्तता प्राप्त हुई है।

एनएचपीसी के सीएमडी आरके चौधरी ने जारी बयान में कहा कि यह एनएचपीसी परिवार के लिए वास्तव में ऐतिहासिक क्षण है। ये हमारी उल्लेखनीय वित्तीय और परिचालन उपलब्धियों की मान्यता है। उन्होंने एनएचपीसी परिवार की ओर से विद्युत मंत्रालय के प्रति उनके अटूट विश्वास और उनके समर्थन के लिए आभार व्यक्त किया।

नवरत्न का दर्जा मिलने से एनएचपीसी को कई प्रमुख लाभ प्राप्त हुए हैं। इससे निर्णय लेने में तेजी आएगी, कार्यकुशलता बढ़ेगी और कर्मचारी सशक्त बनेंगे। यह प्रमुख पूंजीगत व्यय और निवेश योजनाओं को समर्थन देगा। इसके अलावा यह विकास को गति देगा, बाजार पहुंच का विस्तार करेगा और दीर्घकालिक लाभ प्राप्त करेगा। गौरतलब है कि वर्तमान में, एनएचपीसी की कुल स्थापित क्षमता 7144.20 मेगावाट है। कंपनी वर्तमान में कुल 10442.70 मेगावाट की परियोजनाओं के निर्माण में लगी हुई है।

### मासेराती दिल्ली और बेंगलूरु में दो नई डीलरशिप शुरू करेगी

**नई दिल्ली।** इटली की लक्जरी कार विनिर्माता कंपनी मासेराती को उम्मीद है कि भारत में अगले तीन से पांच वर्षों के दौरान उसकी वृद्धि तीन अंकों में हो जाएगी। फिलहाल भारत में एक डीलरशिप वाली मासेराती ने पिछले साल देश भर में 50 से भी कम कारों की बिक्री की थी। कंपनी अगले साल की शुरुआत तक दिल्ली और बेंगलूरु में दो नई डीलरशिप शुरू करने की योजना बना रही है। यह जानकारी कंपनी की सेकंड जेनरेशन ग्रैन टूरिस्मो पेश करने के दौरान दी गई है। इस गाड़ी की शुरुआती कीमत 2.72 करोड़ रुपये एक्स-शोरूम है।

## न्यूज ब्रीफ

### कोरोना के बाद प्रॉपर्टी पंजीकरण में वरिष्ठ लोगों की हिस्सेदारी बढ़ी



**मुंबई।** मुंबई में 61 वर्ष और उससे अधिक की आयु वर्ग के लोगों द्वारा खरीदी जाने वाली प्रॉपर्टी में 204 प्रतिशत की बढ़ोतरी देखने को मिली है। जुलाई 2024 तक यह आंकड़ा 15,276 है, जो 2020 में 7,554 पर था। कुल प्रॉपर्टी पंजीकरण में वरिष्ठ लोगों की हिस्सेदारी 2023 में बढ़कर 18 प्रतिशत हो गई है, जो कि 2020 में 12 प्रतिशत थी। एक रिपोर्ट में बताया कि 2023 में वरिष्ठ नागरिकों की ओर से 22,849 प्रॉपर्टी का पंजीकरण कराया गया था। 2024 में जुलाई तक यह आंकड़ा 15,276 था। रिपोर्ट में बताया कि वरिष्ठ नागरिकों द्वारा कराए जाने वाले प्रॉपर्टी पंजीकरण की संख्या इस साल 23,000 जाने की उम्मीद है। प्रॉपर्टी खरीद बढ़ने की वजह 2020 के बाद लाइफस्टाइल में बदलाव आना है। रिपोर्ट में बताया गया है कि कोरोना के बाद वर्क फ्रॉम होम का चलन तेजी से बढ़ा है। इससे महामारी ने परिवारों को एकजुट किया है, जिसके कारण बड़े घरों की मांग में इजाफा हुआ है।

### जियो फाइनेंस जल्द शुरू करेगी आवास ऋण सेवा




**मुंबई।** जियो फाइनेंशियल सर्विसेज की गैर बैंकिंग वित्तीय कंपनी (एनबीएफसी) जियो फाइनेंस लिमिटेड ने कहा कि वह जल्द ही आवास ऋण सेवा शुरू करने वाली है। इसे परीक्षण के तौर पर (बीटा) शुरू किया गया है। इसके अलावा कंपनी संपत्ति पर ऋण और प्रतिभूतियों पर ऋण जैसे अन्य उत्पाद भी पेश करने जा रही है। हाल ही में पहली वार्षिक आम बैठक में शेयरधारकों को से कंपनी के वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि हम आवास ऋण शुरू करने के अंतिम चरण में हैं, जिसे परीक्षण के तौर पर शुरू किया गया है। संपत्ति पर ऋण और प्रतिभूतियों पर ऋण जैसे अन्य उत्पाद भी प्रक्रिया में हैं। उन्होंने कहा कि जियो फाइनेंस लिमिटेड ने पहले ही बाजार में आपूर्ति श्रृंखला वित्तपोषण, म्यूचुअल फंड पर ऋण और उपकरण वित्तपोषण के लिए उद्यम समाधान जैसे सुरक्षित ऋण उत्पाद पेश किए हैं।

### एसएमई आईपीओ नियमों को सख्त बनाएगा सेबी




**मुंबई।** भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के एक पूर्णकालिक सदस्य ने कहा कि पूंजी बाजार नियामक एसएमई आईपीओ की निगरानी करने वाले नियमों को कड़ा करेगा। यह टिप्पणी सेबी द्वारा निवेशकों को कई लघु एवं मझोले उद्यमों (एसएमई) के भ्रामक कारोबारी अनुमानों के बारे में आगाह करने के कुछ दिन बाद आई है। उन्होंने यहां वार्षिक जीएफएफ (ग्लोबल फिनटेक फेस्ट) के मौके पर संवाददाताओं से चर्चा के दौरान बताया कि इस वर्ष के अंत से पहले इस पहलू पर एक परिचर्चा पत्र लाने की योजना है। इन बदलावों में बेहतर निगरानी और लेखा परीक्षकों के मोर्चे पर कड़ी जांच शामिल हो सकती है। उन्होंने कहा कि यदि चार्टर्ड अकाउंटेंट (सीए) अपना काम लगन से करें तो समस्याओं से बचा जा सकता है। प्राथमिक निर्गम वित्त वर्ष के पहले पांच माह में ही दो लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गए हैं, जबकि पिछले पूरे वित्त वर्ष 2023-24 में यह आंकड़ा 1.97 लाख करोड़ रुपये का था।

### विप्रो की 12,000 कर्मचारियों को नियुक्त करने की योजना




**नई दिल्ली।** सूचना प्रौद्योगिकी कंपनी विप्रो ने कहा कि जिन नए फ्रेशर्स स्टूडेंट को पहले नौकरी की पेशकश की गई थी, उन्हें कंपनी में शामिल करना उसकी प्राथमिकता है। विप्रो ने कहा कि उसने वित्त वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही में लगभग 3,000 ऐसे लोगों को भर्ती किया है। बेंगलुरु स्थित फर्म को वित्त वर्ष 2024-25 में कुल 10,000-12,000 अगली पीढ़ी के सहयोगियों (एनजीए) की भर्ती की उम्मीद है। यह बात इसलिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि प्रौद्योगिकी उद्योग लगातार नौकरी में छंटनी के दौर से गुजर रहा है।

केवीआईसी क्षेत्र के प्रदर्शन और खादी महोत्सव-2024 की तैयारियों की समीक्षा की

# जीतन राम माझी ने खादी के व्यापक प्रचार-प्रसार और इसको अपनाने दिया जोर

**नई दिल्ली।** **केंद्रीय सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) मंत्री जीतन राम मांझी ने यहां शनिवार को खादी और ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी) क्षेत्र के प्रदर्शन और खादी महोत्सव, 2024 की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने देश में खादी के व्यापक प्रचार-प्रसार के माध्यम से इस क्षेत्र में प्रयास करने और व्यापक रूप से इसको अपनाने की आवश्यकता पर जोर दिया।**





सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय ने जारी बयान में बताया कि केंद्रीय मंत्री जीतन राम माझी ने केवीआईसी के द्वारा अक्टूबर-2024 में आयोजित होने वाले खादी और ग्रामोद्योग (केवीआई) क्षेत्र के प्रदर्शन और खादी महोत्सव, 2024 पर एक समीक्षा बैठक की। उन्होंने इस समीक्षा बैठक में लोगों को खादी को अपनाने के लिए प्रोत्साहित करने और ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार सृजन में योगदान के लिए केंद्र सरकार द्वारा चलायी जा रही योजनाओं के कार्यान्वयन के बारे में बताया।

मंत्रालय के मुताबिक इस बैठक का आयोजन देश में खादी को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किया गया। इस समीक्षा बैठक में केंद्रीय सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम राज्य मंत्री शोभा करंदलाजे और खादी और ग्रामोद्योग आयोग के अध्यक्ष मनोज कुमार, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय के सचिव, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय (एआरआई) के संयुक्त सचिव, केवीआईसी के सीईओ, और सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय और खादी और ग्रामोद्योग आयोग के अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे।

## सोलर एनर्जी कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया को नवरत्न का दर्जा

**नई दिल्ली।** सोलर एनर्जी कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (एसईसीआई) को केंद्रीय वित्त मंत्रालय ने नवरत्न का दर्जा दिया है। नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय ने हाल ही में एक बयान में यह जानकारी दी। गौरतलब है कि कि नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय के तहत एसईसीआई एक केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र का उद्यम (सीपीएसई) है। मंत्रालय के मुताबिक एसईसीआई एक अग्रणी सीपीएसई है जो भारत में नवीकरणीय ऊर्जा (आरई) क्षमता के विकास और विस्तार के लिए समर्पित है, जिसमें 69.25 गीगावॉट उत्पादन की क्षमता है। यह प्रतिवर्ष 42 बिलियन यूनिट से ऊपर की व्यापार करती है तथा जलवायु लक्ष्यों को पूरा करने और सतत विकास के लिए प्रयास करने की दिशा में लगातार काम कर रही है। कंपनी ने पिछले वर्ष की तुलना में 20.85 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज करते हुए 13,118.68 करोड़ रुपये का वार्षिक कारोबार और वित्तीय वर्ष 2023-24 में 34.89 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज करते हुए कर के पश्चात 510.92 करोड़ रुपये का लाभ दर्ज किया है।




## जुलाई में देश के 8 प्रमुख बुनियादी उद्योगों की वृद्धि दर घटकर 6.1 फीसदी हुई



**नई दिल्ली।** जुलाई में आठ प्रमुख बुनियादी उद्योगों की वृद्धि दर घटकर 6.1 फीसदी रह गई है। इसकी मुख्य वजह कच्चे तेल और प्राकृतिक गैस के उत्पादन में गिरावट बताई जा रही है। हालांकियह मासिक आधार पर जून के 5.1 फीसदी से ज्यादा है।

हाल ही में जारी किए गए आंकड़ों के मुताबिक जुलाई, 2023 में कोयला, कच्चा तेल, प्राकृतिक गैस, रिफाइनरी उत्पाद, उर्वरक, इस्पात, सीमेंट व बिजली क्षेत्र का उत्पादन 8.5 फीसदी की दर से बढ़ा था। जुलाई में कच्चे तेल के उत्पादन में 2.9 फीसदी और प्राकृतिक गैस में 1.3 फीसदी गिरावट रही। चालू वित्त वर्ष के पहले चार महीने में बुनियादी उद्योगों का उत्पादन 6.1 फीसदी बढ़ा है।

बाजार के जानकारों ने कहा कि विकास की रफ्तार मजबूत है। पहली तिमाही में वृद्धि दर इसलिए घटी, क्योंकि लोकसभा चुनाव सात चरणों में चला था। जून तिमाही में सकल स्थिर पूंजी निर्माण वास्तविक रूप से जीडीपी का 34.8 फीसदी रहा। यह दर्शाता है कि निजी निवेश अपनी भूमिका निभा रहा है। मानसून में अच्छी प्रगति हुई है। कॉरपोरेट और बैंकों का बही-खाता अच्छी स्थिति में हैं।

### जयपुर तेजी से प्रमुख बाजार के रूप में उभरा : अमेजन इंडिया

**जयपुर।** ई-कॉमर्स कंपनी अमेजन इंडिया ने कहा है कि जयपुर किराना, शिशु देखभाल, स्वास्थ्य और व्यक्तिगत देखभाल और पालतू जानवरों की देखभाल उत्पादों जैसी श्रेणियों में त्योहारी सत्र में आवश्यक वस्तुओं के लिए एक प्रमुख बाजार के रूप में उभरा है। कंपनी के कंज्यूमेबल्स खंड के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि जयपुर में उपभोक्ता मूंगफली का मक्खन, सूखे मेवे, घी, स्वास्थ्य बार, होम्योपैथिक उपचार और मल्टीविटामिन जैसे पौष्टिक उत्पादों का चयन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अमेजन मूंगफली के मक्खन के लिए सबसे ज्यादा इकाई बेचने वाला चौथा बाजार है, जबकि यहां के निवासी राष्ट्रीय औसत की तुलना में तीन गुना ज्यादा स्वास्थ्यवर्द्धक, होम्योपैथिक उपचार, मल्टीविटामिन खरीदते हैं। रमन ने कहा कि जयपुर कंपनी के लिए सबसे महत्वपूर्ण बाजारों में से एक है।

## बिहार-यूपी सहित कई राज्यों में पेट्रोल-डीजल हुआ सस्ता



**नई दिल्ली।** भारतीय तेल कंपनियां अंतरराष्ट्रीय बाजार में क्रूड ऑयल के आधार पर कीमतों की समीक्षा के बाद रोज पेट्रोल और डीजल के दाम तय करती हैं। जिसके बाद हर सुबह सरकारी तेल कंपनियों पेट्रोल और डीजल का नए भाव जारी करती है। ऐसे ही तेल कंपनियों ने शनिवार को पेट्रोल-डीजल की नई दरें जारी कर दी है। जिसके मुताबिक बिहार-यूपी सहित कई राज्यों में पेट्रोल-डीजल सस्ता हो गया है।

बिहार में पेट्रोल 22 पैसे घटकर 107.09 रुपये प्रति लीटर और डीजल 21 पैसे घटकर 93.81 रुपये प्रति लीटर मिल रहा है। वहीं यूपी में पेट्रोल 31 पैसे घटकर 94.25 रुपये प्रति लीटर और डीजल 7 पैसे घटकर 87.57 रुपये प्रति लीटर मिल रहा है। इसके इलावा महाराष्ट्र में पेट्रोल के दाम 20 पैसे घटकर 104.24 रुपये प्रति लीटर और डीजल 20 पैसे घटकर 90.77 रुपये प्रति लीटर मिल रहा है।

वहीं देश के महानगरों में पेट्रोल-डीजल की कीमत इस प्रकार है- दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपये और डीजल की कीमत 87.62 रुपये प्रति लीटर, मुंबई में पेट्रोल 103.44 रुपये और डीजल की कीमत 89.97 रुपये प्रति लीटर, कोलकाता में पेट्रोल 104.95 रुपये और डीजल की कीमत 91.76 रुपये प्रति लीटर और चेन्नई में पेट्रोल 100.75 रुपये और डीजल की कीमत 92.34 रुपये प्रति लीटर है।

## देश के शेयर बाजारों में सप्ताह भर तेजी रही

**सेंसेक्स 231 अंकों की बढ़त के साथ 82,365 पर बंद**

**निफ्टी 83.96 अंक मजबूत होकर 25,235 पर बंद**




**मुंबई।** मेरिका में ब्याज दरों में कटौती की उम्मीद और घरेलू निवेशकों की खरीदारी के समर्थन के दौरान बीते सप्ताह घरेलू शेयर बाजारों में तेजी दर्ज की गई। सप्ताह की शुरुआत में बढ़त पर खुले शेयर बाजार शुक्रवार को भी तेजी के साथ बंद हुए। बीते सप्ताह भर के कारोबारी दिनों पर नजर डालें तो सप्ताह के पहले कारोबारी दिन सोमवार को घरेलू शेयर बाजार की शुरुआत तेजी के साथ हुई। भारतीय बेंचमार्क सूचकांक एसएंडपी सेंसेक्स और निफ्टी 50 ने सोमवार को मजबूती के साथ शुरुआत की। बीएसई सेंसेक्स 0.27 प्रतिशत की बढ़त के साथ 81,304 पर खुला और 611.90 अंक चढ़कर 81,698 पर बंद हुआ। जबकि निफ्टी 50 24,906 के स्तर पर 0.33 प्रतिशत बढ़कर खुला और 187.45 अंकों की मजबूती के साथ 25,010.60 के स्तर पर बंद हुआ। मंगलवार के कारोबारी दिन भारतीय प्रमुख सूचकांक बीएसई सेंसेक्स और निफ्टी 50 की सुस्त शुरुआत हुई।

शुरुआती कारोबार में बीएसई सेंसेक्स .07 प्रतिशत की गिरावट के साथ 81,640.15 पर खुला और 13.65 अंकों की बढ़त के साथ 81,711.76 पर बंद हुआ। निफ्टी 50, 25,024 के स्तर खुला और 7.16 की बढ़त के साथ 25,017.75 पर बंद हुआ। बुधवार को सेंसेक्स 261.85 अंक मजबूत होकर 81,990.56 के स्तर पर खुला और 73.80 अंक मजबूत होकर 81,785.56 पर बंद हुआ। निफ्टी 84.71 अंक उछलकर 25,102.45 के स्तर पर खुला और 34.60 अंकों की बढ़त के साथ 25,052.35 पर बंद हुआ। एनवीडिया के नतीजों के बाद बुधवार की रात अमेरिकी बाजार में आई गिरावट का असर भारतीय शेयर बाजार पर भी देखा गया। भारतीय शेयर बाजार की शुरुआत गुरुवार को कमजोर रही। बेंचमार्क इंडेक्स बीएसई सेंसेक्स और निफ्टी 50 लाल रंग में खुले। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 0.08 प्रतिशत नीचे 81,717 पर खुला और 349.05 अंक उछलकर पहली बार 82,134.61 के नए स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी 50 0.11 प्रतिशत नीचे 25,023 पर खुला और 99.60 अंक बढ़कर 25,151.95 के नए समापन स्तर पर बंद हुआ। गिफ्ट निफ्टी फ्यूचर्स से मिल रहे रुझानों और वैश्विक बाजारों में उछाल की वजह से घरेलू शेयर बाजार ने शुक्रवार के कारोबारी दिन तेजी के साथ शुरुआत की।

बीएसई सेंसेक्स 324.46 अंक की बढ़त के साथ 82,459.07 पर खुला और 231.16 (0.28 फीसदी) अंकों की बढ़त के साथ 82,365.77 पर बंद हुआ। निफ्टी 50, 89.30 अंक की बढ़त के साथ 25,241.25 पर खुला और 83.96 (0.33 फीसदी) अंकों की मजबूती के साथ 25,235.90 के स्तर पर बंद हुआ।

## आरबीआई के नाम से कॉल आए तो सतर्क रहें, नहीं तो साफ हो जाएगा बैंक खाता

**नई दिल्ली।** आरबीआई के नाम से कोई भी फोन कॉल आए तो सतर्क हो जाएं, केंद्रीय बैंक ने अपनी कोई भी जानकारी किसी के साथ शेयर करने से साफ मना किया है। बैंक ने साइबर क्रिमिनल्स के ठगी करने के तरीकों को भी बताया। साइबर ठग आरबीआई के फर्जी लेटर हेड या ईमेल एड्रेस का इस्तेमाल करते हैं। खुद को केंद्रीय बैंक कर्मचारी बताते हैं। यूजर को भारी भरकम लॉटरी जीतने या सरकारी योजनाओं का लाभार्थी बनने जैसे लालच देकर फंसाते हैं। फिर उनका अकाउंट साफ कर देते हैं। आरबीआई के मुताबिक कई बार जालसाज खुद को सरकार या फिर केंद्रीय बैंक का अधिकारी बनकर संपर्क करते हैं। उनसे सरकारी कॉन्ट्रैक्ट या योजना की आड़ में सिक्योरिटी डिपॉजिट करने को कहते हैं। जालसाज कई बार डरा-धमकाकर भी ठगी की कोशिश करते हैं। इसमें पीड़ितों से कॉल, एसएमएसया मेल के जरिए संपर्क किया जाता है। उनके अकाउंट को फ्रीज या ब्लॉक करने की धमकी दी जाती है। उन्हें कुछ फर्जी किस्म के लिंक से ऐप भी डाउनलोड करने के लिए बहकाया या मजबूर किया जाता है। इसके जरिए यूजर्स की कई निजी जानकारियां उन ठगों के हाथ लग जाती है। आरबीआई का कहना है कि यूजर्स को अपनी कोई भी निजी जानकारी दूसरों के साथ साझा नहीं करनी चाहिए। किसी भी बैंक या बैंक कर्मचारी को यूजर्स से फोन या ईमेल के जरिए ओटीपी या कोई अन्य जानकारी मांगने की इजाजत नहीं है। अगर कोई शख्स फोन कर खुद को सरकारी अधिकारी या बैंक कर्मचारी बताकर ऐसी जानकारी मांगता है, तो तत्काल इसकी शिकायत पुलिस को करनी चाहिए।







दक्षिण-पश्चिमी चीन के सिचुआन प्रांत के चेंगदू में चेंगदू मोटर शो 2024 के दौरान एक श्याओमी SU7 कार प्रदर्शित की गई, चेंगदू मोटर शो 2024 यहाँ शुरू हुआ। मोटर शो के दौरान लगभग 130 चीनी और विदेशी कार कंपनियों ने भाग लिया, जिसमें 1,600 से अधिक वाहन प्रदर्शित किए गए।



# यूपी वॉरियर्स टीम ने अली फजल, श्वेता त्रिपाठी के साथ लखनऊ के 6,000 से अधिक छात्रों से की मुलाकात

**लखनऊ।**
देश की सबसे वाइब्रेंट महिला क्रिकेट टीमों में से एक यूपी वॉरियर्स ने अभिनेता अली फजल और श्वेता त्रिपाठी शर्मा के साथ खूबसूरत शहर लखनऊ का दौरा किया। इनके साथ टीम की उप-कप्तान दीप्ति शर्मा, साथी साइमा ठाकोर और अंजलि सरवानी भी मौजूद थीं।

72 घंटों के दौरान, क्रिकेटरों और अभिनेताओं ने बहु-सांस्कृतिक शहर लखनऊ में 6,500 छात्रों से मुलाकात की और क्रिकेट में महिलाओं, महिला सशक्तिकरण और निश्चित रूप से खेल और सामान्य रूप से समावेशिता के महत्व जैसे विषयों पर उनसे विस्तार से बातचीत की। 28 अगस्त को यह कारवां नवाबों के शहर की सड़कों पर निकला और ला मार्टिनियर गर्ल्स कॉलेज, लाल बहादुर शास्त्री गर्ल्स कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट, एरा यूनिवर्सिटी, इंटीग्रल यूनिवर्सिटी और एमिटी यूनिवर्सिटी में रुका।

इस अवसर पर दीप्ति शर्मा ने कहा, उत्तर प्रदेश मेरा प्रदेश है और मेरी यह घर वापसी मेरे लिए कुछ दिनों के लिए बहुत अलग लेकिन दिल को छू लेने वाली रही। अंजलि, साइमा, अली और श्वेता जैसे कई होशियार छात्रों से मिलना, जिनकी कहानियां उन्हें प्रेरित करने और आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करने वाली हैं। यूपी में अपार प्रतिभा है और मुझे विश्वास है कि ये युवा अपनी छाप छोड़ेंगे।

**टीम की उप-कप्तान दीप्ति शर्मा और साथी साइमा ठाकोर और अंजलि सरवानी भी रहीं मौजूद**

अंजलि सरवानी ने कहा, इतने सारे छात्रों के साथ यह कुछ दिन बहुत ही मजेदार रहे। यूपी वॉरियर्स के खिलाड़ी के रूप में हम अपने गृह राज्य से मिली प्रशंसा देखकर अभिभूत हैं। युवा दिमागों से मिलना और उन्हें दीप्ति, अली, श्वेता और साइमा के साथ बातचीत में शामिल होते देखना बहुत उत्साहजनक था।

साइमा ठाकोर, जो उस भारतीय दल का भी हिस्सा हैं, जो यूएई में महिला टी20 विश्व कप में खेलेगी, ने कहा, दो दिनों में सभी 6,000 से अधिक छात्रों से मिलने से जो बात सामने आई, वह यह है कि उनमें सीखने का उत्साह है और ऐसा करते हुए अच्छा समय भी है। और मुझे उम्मीद है कि हम सभी, दीप्ति, अली, श्वेता और अंजलि, मिलकर उन्हें वह देने में सक्षम हैं जो वे चाहते थे। मुझे लगता है कि लखनऊ के साथ यह एक ऐसा रिश्ता है जो समय के साथ समृद्ध होने जा रहा है।

कैप्री स्पोर्ट्स की निदेशक जिनिशा शर्मा ने कहा, हमारे लिए यूपी वॉरियर्स टीम को अपने ही शहर लखनऊ और यहां के तेज युवा दिमागों से परिचित कराना एक खास पल था। दीप्ति शर्मा, अंजलि सरवानी, साइमा ठाकोर और अली फजल और श्वेता त्रिपाठी शर्मा जैसे प्रिय स्थानीय आइकन के साथ छात्रों को प्रेरित करने और उनसे जुड़ने के लिए यह तीन दिन यादगार थे। हमारा लक्ष्य लखनऊ के युवाओं में गर्व और महत्वाकांक्षा की भावना जगाना है, उन्हें दिखाना है कि समर्पण और जुनून के साथ, वे भी महान चीजें हासिल कर सकते हैं, चाहे खेल में या किसी अन्य क्षेत्र में।

## न्यूज ब्रीफ

### पहली सब जूनियर पुरुष, महिला अंतर-क्षेत्रीय चैंपियनशिप रविवार से

**नई दिल्ली।** पहली सब जूनियर इंटर-जोन चैंपियनशिप 2024 , एक सितंबर से शुरू हो रही है। रांची, सब जूनियर पुरुष इंटर-जोन चैंपियनशिप और हरियाणा का नरवाना सब जूनियर महिला इंटर-जोन चैंपियनशिप 2024 की मेजबानी करेगा। हॉकी इंडिया (एचआई) की विज्ञप्ति के अनुसार, पहली हॉकी इंडिया सब जूनियर पुरुष अंतर-जोन चैंपियनशिप 2024 में, छह टीमों को दो पूलों में बांटा गया है, इसमें पूल ए में उत्तर क्षेत्र, दक्षिण क्षेत्र और साई, पूल बी में पूर्व क्षेत्र, पश्चिम क्षेत्र और अकादमी शामिल हैं। सात दिवसीय टूर्नामेंट मारंग गोमके जयपाल सिंह एस्ट्रो टर्फ हॉकी स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा, जिसने अतीत में अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंटों की सफलतापूर्वक मेजबानी की है, जिससे युवा हॉकी खिलाड़ियों को एक अंतरराष्ट्रीय स्थल का अनुभव करने का अवसर मिलेगा। इस बीच, नरवाना में पहली हॉकी इंडिया सब जूनियर महिला अंतर-क्षेत्रीय चैंपियनशिप 2024 में पूल ए में उत्तर क्षेत्र, पूर्व क्षेत्र, साई बाल और पूल बी में दक्षिण क्षेत्र, पश्चिम क्षेत्र, साई शक्ति और अकादमी शामिल होंगे। इस आयोजन को लेकर हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप टिर्की ने कहा, हमें राष्ट्रीय हॉकी कैलेंडर में हॉकी इंडिया सब जूनियर पुरुष और महिला अंतर-क्षेत्रीय चैंपियनशिप शुरू करने की खुशी है। यह महत्वाकांक्षी हॉकी खिलाड़ियों के लिए एक महत्वपूर्ण आयोजन होगा, और उनके लिए जूनियर टूर्नामेंट में आगे बढ़ने का रोड मैप तैयार करेगा। इस टूर्नामेंट के माध्यम से, हम न केवल युवाओं को चमकने का मौका देना चाहते हैं, बल्कि उन्हें कम उम्र से ही प्रतिस्पर्धी हॉकी में निपुण बनाना चाहते हैं। हॉकी इंडिया के महासचिव भोला नाथ सिंह ने भी इस टूर्नामेंट के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा, सब-जूनियर के लिए इस शानदार टूर्नामेंट की शुरुआत करके हमें बेहद खुशी हो रही है। यह पहल हमारे जमीनी स्तर के विकास कार्यक्रम का हिस्सा है, जिससे यह सुनिश्चित होगा कि अधिक खिलाड़ियों को पहचान मिलेगी और हम कम उम्र में ही प्रतिभाशाली खिलाड़ियों की खोज कर सकेंगे। हॉकी झारखंड और हॉकी हरियाणा का विशेष उल्लेख करना चाहूंगा, जिन्होंने इन चैंपियनशिप की मेजबानी की जिम्मेदारी ली है।

### आर्सेनल ने चेल्सी फॉरवर्ड रहीम स्टर्लिंग को एक सत्र के लिए ऋण पर किया अनुबंधित

**नई दिल्ली।** आर्सेनल ने शेष सत्र के लिए चेल्सी फॉरवर्ड रहीम स्टर्लिंग को ऋण पर अनुबंधित किया है, क्लब ने शुक्रवार को इसकी पुष्टि की।




स्टर्लिंग के पास चेल्सी में अपने मौजूदा अनुबंध में तीन साल बाकी हैं, लेकिन स्टैमफोर्ड ब्रिज में उन्हें ज़रूरतों के हिसाब से अतिरिक्त माना गया था। इससे पहले मैन यूनाइटेड के साथ जुड़े रहने के बाद, स्टर्लिंग ने समर ट्रांसफर विंडो के बंद होने से ठीक पहले आर्सेनल में अपना कदम पूरा किया। आर्सेनल के बॉस मिकेल आर्टेटा ने पिछले सप्ताह स्टर्लिंग के स्थानांतरण से क्लब को दूर रखा था, हालांकि उन्होंने मैनचेस्टर सिटी में तीन साल तक साथ काम करने के बाद उनके चरित्र के बारे में सकारात्मक बात की थी। आर्सेनल ने पूरे विंडो में एक आक्रामक खिलाड़ी को साइन करने के लिए खुला रुख अपनाया है और अपने विकल्पों पर चर्चा कर रहा है, साथ ही बायर्न म्यूनिख के विंगर किंग्सले कोमन के लिए देर से स्थानांतरण के साथ भी जोड़ा गया है।

### मीरवाइज अशरफ का एसीबी अध्यक्ष बने रहना तय



**नई दिल्ली।** अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड (एसीबी) के अध्यक्ष मीरवाइज अशरफ अगले तीन वर्षों तक बोर्ड का कार्यभार संभालेंगे। क्रिकबज की एक रिपोर्ट के अनुसार, एसीबी के एक शीर्ष अधिकारी ने नाम न बताने के अनुरोध पर शुक्रवार को से इस घटनाक्रम की पुष्टि की। 2021 में एसीबी के अध्यक्ष के रूप में नियुक्त किए गए अशरफ का कार्यकाल अगस्त 2023 में समाप्त होने की उम्मीद थी। एसीबी अधिकारी ने कहा, 卐पिछले तीन वर्षों के उनके प्रदर्शन के कारण, तालिबान सरकार ने अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड के अध्यक्ष के रूप में मीरवाइज अशरफ के नए कार्यकाल को तीन और वर्षों के लिए बढ़ा दिया है। उन्होंने कहा, देखिए स्थिरता हमारी सफलता की कुंजी है और हम इसे महत्व देने की कोशिश करते हैं। पिछले तीन वर्षों में हमारे पास एक अध्यक्ष, एक सीईओ और एक कोच था और हमने अपना कप्तान केवल एक बार बदला क्योंकि हमें लगता है कि अगर हम एक क्रिकेट राष्ट्र के रूप में विकसित होना चाहते हैं तो हमें स्थिरता पर मुख्य ध्यान देने की आवश्यकता है और काट-छांट और बदलाव करने की कोशिश नहीं करनी चाहिए।

## विश्व एथलेटिक्स अंडर-20 चैंपियनशिप

# आरती ने राष्ट्रीय रिकॉर्ड के साथ 10,000 मीटर रेस वॉक में जीता कांस्य

**लीमा।**

**आरती ने यहां विश्व अंडर-20 एथलेटिक्स चैंपियनशिप में महिलाओं की 10,000 मीटर पैदल चाल स्पर्धा में राष्ट्रीय रिकॉर्ड समय के साथ कांस्य पदक जीतकर भारत का पदक खाता खोला।**




प्रतियोगिता के अंतिम दिन 17 वर्षीय आरती ने 44 मिनट 39.39 सेकंड का समय लेकर तीसरा स्थान प्राप्त किया। चीनी रेस वॉकर झूओमा बाइमा (43:26.60) और माइलिंग चेन (44:30.67) ने क्रमश: स्वर्ण और रजत पदक जीता। इससे पहले गुरुवार की रात, पूजा सिंह ने ऊंची कूद में राष्ट्रीय अंडर 20 महिला राष्ट्रीय रिकॉर्ड को फिर से लिखा और क्वालीफिकेशन राउंड में नौवें स्थान पर रहते हुए फाइनल में प्रवेश किया। हरियाणा के फतेहबाद जिले की रहने वाली 17 वर्षीय पूजा ने 1.83 मीटर की ऊंचाई पार करके क्वालीफिकेशन राउंड ग्रुप बी में दूसरा और कुल मिलाकर नौवां स्थान प्राप्त किया और शनिवार को होने वाले फाइनल के लिए क्वालीफाई किया। राजमिस्त्री की बेटी पूजा ने पिछले साल कोरिया में बनाए गए 1.82 मीटर के अपने ही राष्ट्रीय अंडर 20 रिकॉर्ड को तोड़ दिया ।

### बैडमिंटन खिलाड़ी सुकांत कदम और नितेश सेमीफाइनल में पहुंचे, मनदीप कौर भी आगे बढ़ने में सफल रहीं

**पेरिस ।** भारत के पैरा बैडमिंटन खिलाड़ी सुकांत कदम और नितेश कुमार पुरुष एकल के अपने-अपने वर्ग के सेमीफाइनल में पहुंच गए, जबकि मनदीप कौर ने महिला एकल एसएल3 स्पर्धा में शनिवार को ऑस्ट्रेलिया की विनोट सेलीन ऑरेली को हराकर महिला एकल के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। पिछले साल चीन में एशियाई पैरा खेलों में रजत पदक जीतने वाले एसएल 3 वर्ग के खिलाड़ी नितेश कुमार ने पुरुष एकल एसएल3 वर्ग के सेमीफाइनल में पहुंच जगह बना ली है। नितेश ने थाईलैंड के बुनसुन मोंगखोन को सीधे गेम में 21-13, 21-4 से हराया और अपने ग्रुप में शीर्ष पर रहे। भारत के एक अन्य बैडमिंटन खिलाड़ी सुकांत कदम ने पुरुष एकल एसएल4 स्पर्धा का ग्रुप चरण मैच जीतकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। सुकांत ने थाईलैंड के सिरिपोंग को 21-12, 21-12 से हराया। तीन खिलाड़ियों के ग्रुप में यह उनकी लगातार दूसरी जीत थी।




सुकांत ने पिछले साल चीन में एशियाई पैरा खेलों में कांस्य पदक जीता था। एक अन्य मुकाबले में टोक्यो पैरालंपिक के कांस्य पदक विजेता मनोज सरकार ने चीन के यांग जियानयुआन को 21-1, 21-11 से हराया। मनोज इससे पहले बुनसुन और नितेश से हारने के बाद सेमीफाइनल की दौड़ से बाहर हो गए थे। मनदीप ने अपनी ऑस्ट्रेलियाई प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ ग्रुप बी में अपना आखिरी मैच 21-23, 21-10, 21-17 से जीता। वह अपना पहला मैच नाइजीरिया की बोलाजी मरियम से हार गई थीं। क्वार्टर फाइनल में पहुंचने के लिए भारतीय खिलाड़ी के लिए यह मैच जीतना जरूरी था। उन्होंने तीन खिलाड़ियों के ग्रुप बी में दूसरा स्थान हासिल किया। मरियम ने ग्रुप में शीर्ष पर रहकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। एसएल3 मिश्रित युगल के एक अन्य मैच में नितेश कुमार और थुलासिमथी मुरुगेसन को फ्रांस के फॉस्टीन नोएल और लुकास मजूर से 22-24, 19-21 से हार का सामना करना पड़ा। मिश्रित युगल में एकमात्र जीत नित्या सिवान सुमाथी और सिवाराजन सोलाईमलाई ने हासिल की। उन्होंने ग्रुप बी में थाईलैंड के नत्थापोंग मीचाई और चाई सेयांग को 21-7, 21-17 से हराया ।

# यूएस ओपन 2024 : एलेक्सी पोपिरिन से हारकर बाहर हुए नोवाक जोकोविच



**न्यूयॉर्क।**
नोवाक जोकोविच को शुक्रवार को अमेरिकी ओपन के तीसरे दौर में एलेक्सी पोपिरिन के हाथों 6-4, 6-4, 2-6, 6-4 से हार का सामना करना पड़ा, इस हार के साथ ही सर्बियाई खिलाड़ी की 25वें ग्रैंड स्लैम खिताब की उम्मीदें भी समाप्त हो गईं।

इस महीने पेरिस में ओलंपिक स्वर्ण पदक जीतने के लिए कड़ी मेहनत करने वाले जोकोविच, ऊर्जावान ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी के खिलाफ़ सुस्त दिखे, जिन्होंने अपने करियर की सबसे बड़ी जीत दर्ज की और पहली बार किसी बड़े टूर्नामेंट के राउंड ऑफ़ 16 में पहुंचे। पोपिरिन का अगला मुकाबला चौथे दौर में अमेरिका के फ्रांसिस तियाफो से होगा।

शुक्रवार देर रात मैच के बाद जोकोविच ने कहा, ईमानदारी से कहूं तो मैंने अब तक का सबसे खराब टेनिस खेला है। मेरी सर्विंग अब तक की सबसे खराब सर्विंग रही है।

यह 2017 ऑस्ट्रेलियन ओपन के बाद से किसी मेजर में टूर्नामेंट से जोकोविच की सबसे जल्दी विदाई है। वह 2017 ऑस्ट्रेलियन ओपन के दूसरे राउंड में डेनिस इस्तोमिन से हार गए थे। ओपन युग में यह सिर्फ तीसरी बार है जब यूएस ओपन में शीर्ष तीन पुरुष सीड में से दो चौथे राउंड से पहले हार गए हैं; जोकोविच से पहले कार्लोस अल्कराज भी यूएस ओपन से बाहर हो चुके हैं। इससे पहले यूएस ओपन में 1973 और 2000 में शीर्ष तीन पुरुष वरीय खिलाड़ी में दो बाहर हुए थे।

यूएस ओपन से बाहर होने के बाद दूसरे वरीयता प्राप्त जोकोविच ने कहा, यह मेरे लिए एक भयानक मैच था, मैं अपने सर्वश्रेष्ठ के करीब भी नहीं खेल रहा था। ऐसी स्थिति में होना अच्छा नहीं है जहाँ आप शारीरिक रूप से ठीक महसूस करते हैं, और निश्चित रूप से आप प्रेरित होते हैं क्योंकि यह एक ग्रैंड स्लैम है, लेकिन आप अपनी लय हासिल नहीं कर पाते।

मुझे लगता है कि आपको यह स्वीकार करना होगा कि इस तरह के टूर्नामेंट होते हैं।

# इंग्लैंड के खिलाफ घरेलू श्रृंखला में आयरलैंड की कप्तानी करेंगी गैबी लुईस

**डबलिन।**
गैबी लुईस इस महीने की शुरुआत में श्रीलंका के खिलाफ पहले वनडे में लगी चोट से उबर चुकी हैं और अब वह इंग्लैंड के खिलाफ घरेलू मैदान पर होने वाली व्हाइट-बॉल सीरीज़ में आयरलैंड की अगुआई करेंगी। हालांकि नियमित कप्तान लॉरा डेलानी श्रीलंका के खिलाफ दूसरे टी20 मैच में टखने में लगी चोट से अभी तक उबर नहीं सकीं हैं।



श्रीलंका के खिलाफ वनडे में डेब्यू करने वाली एलिस टेक्टर को पहली बार टी20 टीम में शामिल किया गया है। वह आयरलैंड के पुरुष बल्लेबाज हैरी टेक्टर की बहन हैं। श्रीलंका के खिलाफ पहले टी20 मैच में चोटिल होने वाली ऊना रेमंड-होए दोनों सफेद गेंद वाली टीमों में वापस आ गई हैं। वह इस महीने की शुरुआत में पांच साल के अंतराल के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में लौटी थीं।

राष्ट्रीय चयनकर्ता सियारा ओब्रायन ने कहा, हमें निराशा है कि लॉरा की चोट पहले से कहीं ज़्यादा गंभीर है और उनके वर्षों के अनुभव और नेतृत्व की कमी खलेगी। हालांकि, गैबी ने लॉरा की अनुपस्थिति में पहले भी नेतृत्व किया है। हम इंग्लैंड सीरीज़ के लिए उनके नेतृत्व में आने से बहुत सहज हैं और जानते हैं कि वह इस भूमिका में अपने बेहतरीन उच्च मानकों को लेकर आएंगी। यह एक युवा टीम है, जिसकी औसत आयु 22 वर्ष से कम है और हम उम्मीद करते हैं कि सभी आयरिश क्रिकेट प्रशंसक टीम का समर्थन करेंगे।

श्रीलंका के खिलाफ दूसरे टी20 में अपना पहला शतक बनाने वाली लुईस, टी20आई में आयरलैंड की सबसे ज़्यादा रन बनाने वाली खिलाड़ी हैं और डेलानी के बाद दूसरी सबसे अनुभवी खिलाड़ी हैं। उन्होंने श्रीलंका के खिलाफ अपनी पहली वनडे जीत में आयरलैंड की कप्तानी की, एक ऐसी सीरीज़ जिसने आयरलैंड को महिला चैंपियनशिप 2022-25 में अपना पहला अंक दिलाया।

14 खिलाड़ियों में से 12 खिलाड़ी दोनों सफेद गेंद वाली टीमों में शामिल हैं। अलाना डेलजेल और जोआना लॉघ्रान केवल वनडे का हिस्सा हैं, जबकि एवा कैनिंग और क्रिस्टीना कूल्टर रीली केवल टी20आई टीम में हैं। आयरलैंड और इंग्लैंड तीन वनडे मैच (महिला चैंपियनशिप का हिस्सा) बेलफास्ट में खेलेंगे, उसके बाद तीन टी20आई के लिए डबलिन जाएंगे।

**इंग्लैंड के विरुद्ध वनडे के लिए आयरलैंड की टीम**- गैबी लुईस (कप्तान), अलाना डेलजेल, सारा फोर्ब्स, एमी हंटर, अर्लीन केली, जोआना लॉघ्रन, एमी मैगुएर, जेन मैगुएर, लीह पॉल, ओरला प्रेंडरगैस्ट, ऊना रेमंड-होए, फ्रेया सार्जेंट, रेबेका स्टोकेल, एलिस टेक्टर।

**इंग्लैंड के विरुद्ध टी20 के लिए आयरलैंड की टीम**-गैबी लुईस (कप्तान), एवा कैनिंग, क्रिस्टीना कूल्टर रीली, सारा फोर्ब्स, एमी हंटर, अर्लीन केली, एमी मैगुएर, जेन मैगुएर, लीह पॉल, ओरला प्रेंडरगैस्ट, ऊना रेमंड-होए, फ्रेया सार्जेंट, रेबेका स्टोकेल, एलिस टेक्टर।

# ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ घरेलू सीरीज के लिए भारत की अंडर-19 टीम में चुने गए समित द्रविड़

**नई दिल्ली।**
ऑलराउंडर समित द्रविड़ को सितंबर और अक्टूबर में ऑस्ट्रेलिया अंडर-19 के खिलाफ होने वाली मल्टी-फॉर्मेट घरेलू सीरीज के लिए पहली बार भारत की अंडर-19 टीम में चुना गया है। उत्तर प्रदेश के मध्यक्रम के बल्लेबाज मोहम्मद अमान को 50 ओवर की टीम का कप्तान बनाया गया है, जबकि मध्य प्रदेश के सोहम पटवर्धन चार दिवसीय मैचों के लिए टीम की अगुआई करेंगे।

**भारत के पूर्व कप्तान और कोच राहुल द्रविड़ के बेटे हैं समित द्रविड़**-भारत के पूर्व कप्तान और कोच राहुल द्रविड़ के बेटे द्रविड़ ने हाल ही में कर्नाटक में अपना पहला सीनियर पुरुष टी20 टूर्नामेंट - महाराजा टी20 ट्रॉफी - खेला, जहाँ वे मैसूर वारियर्स टीम का हिस्सा हैं।

मध्यक्रम में बल्लेबाजी करते हुए, द्रविड़ ने सात पारियों में 114 की स्ट्राइक रेट से 82 रन बनाए, लेकिन उन्हें मध्यम गति की गेंदबाजी करने के लिए नहीं बुलाया गया। जिस दिन



जूनियर चयनकर्ताओं ने भारत की अंडर-19 टीम की घोषणा की, उस दिन मैसूर वारियर्स को टूर्नामेंट का सेमीफाइनल खेलना था।

इस साल की शुरुआत में, 18 वर्षीय द्रविड़ ने कर्नाटक को अंडर-19 क्रिकेटरों के लिए चार दिवसीय प्रारूप टूर्नामेंट कूच बिहार ट्रॉफी जीतने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। उन्होंने आठ मैचों में 362 रन बनाए और 16 विकेट लिए, जिसमें मुंबई के खिलाफ फाइनल में दो विकेट शामिल हैं।

भारतीय अंडर-19 टीम 21, 23 और 26 सितंबर को पुडुचेरी में ऑस्ट्रेलिया अंडर-19 के खिलाफ तीन 50 ओवर के मैच खेलेगी, इसके बाद 30 सितंबर और 7 अक्टूबर को चेन्नई में दो चार दिवसीय मैच खेले जाएँगे।

**भारतीय अंडर-19 पचास ओवर टीम**- रुद्र पटेल (उपकप्तान), साहिल पारख, कार्तिकेय केपी, मोहम्मद अमान (कप्तान), किरण चोरमले, अभिज्ञान कुंडू (विकेटकीपर), हरवंश सिंह पंगालिया (विकेटकीपर), समित द्रविड़, युधाजीत गुहा, समर्थ एन, निखिल कुमार, चेतन शर्मा, हार्दिक राज, रोहित राजावत, मोहम्मद एनान।

**भारतीय अंडर-19 चार दिवसीय टीम**-वैभव सूर्यवंशी, नित्या पंड्या, विहान मल्होत्रा (उपकप्तान), सोहम पटवर्धन (कप्तान), कार्तिकेय केपी, समित द्रविड़, अभिज्ञान कुंडू (विकेटकीपर), हरवंश सिंह पंगालिया (विकेटकीपर), चेतन शर्मा, समर्थ एन, आदित्य रावत, निखिल कुमार, अनमोलजीत सिंह, आदित्य सिंह, मोहम्मद एनान।

# दो सौ का स्कोर करने से बढ़ा टीम का आत्मविश्वास : वंश बेदी

**नई दिल्ली।**
पुरानी दिल्ली 6 के बल्लेबाज वंश बेदी का मानना है कि हालिया मैच में ईस्ट दिल्ली राइडर्स के खिलाफ उनके हार्ड हिटिंग प्रदर्शन ने टीम को आगे बढ़ने के लिए जरूरी आत्मविश्वास प्रदान किया है।

दिल्ली के श्री अरूण जेटली स्टेडियम में आयोजित दिल्ली प्रीमियर लीग (डीपीएल) के इस मैच में ईस्ट दिल्ली के 241 रनों के विशालकाय स्कोर का पीछा करते हुए पुरानी दिल्ली 6 की टीम 27 रन से यह मैच हार गई थी, लेकिन गुरुवार को खेले गए इस मैच में उन्होंने अपने 20 ओवरों में 215 रन बनाकर बहादुरी से संघर्ष किया।

मैच के बाद वंश बेदी ने कहा कि, एक पारी में 200 रन बनाना निश्चित रूप से पुरानी दिल्ली 6 के लिए बहुत बड़ा प्रोत्साहन है और आगे भी इसी तरह का खेल जारी रखेंगे।



सिर्फ 41 गेंदों पर 96 रनों की तूफानी पारी खेलने वाले वंश के दुर्भाग्यपूर्ण तरीके से आउट हो जाने के कारण पुरानी दिल्ली 6 इस करीबी मुकाबले को हार गई थी। युवा बल्लेबाज ने अपनी पारी के दौरान 11 छक्के लगाए और टीम को विशालकाय स्कोर का पीछा करते हुए कभी भी पिछड़ने नहीं दिया।

वंश ने आगे कहा कि, यहां बल्लेबाजी करना शानदार था, यह विकेट बल्लेबाज के लिए अपने शॉट्स खेलने और जहां चाहे वहां छक्का लगाने के लिए एकदम सही था और मैंने वैसा ही किया।


उन्होंने आगे कहा, जब मैं क्रीज पर था तो मुझे पूरा यकीन था कि हम मैच जीत लेंगे, लेकिन दुर्भाग्य से मेरे आउट होने के बाद ऐसा संभव न हो सका।

मैच की बात करें तो पुरानी दिल्ली 6 को शुरुआत में थोड़ी परेशान जरूर हुई और उसने 5.3 ओवर में सिर्फ 34 रन पर तीन विकेट खो दिए, लेकिन चौथे विकेट के लिए वंश बेदी और अर्पित राणा के बीच 47 गेंदों में 98 रन की शानदार साझेदारी ने उम्मीदों को फिर से जगा दिया।

वंश ने आसानी से बाउंड्री लगाई, जिससे टीम मुकाबले में बनी रही, लेकिन जैसे-जैसे आवश्यक रन रेट बढ़ता गया, वंश ने अतिरिक्त जोखिम उठाया और अंतत: शानदार 96 रन के व्यक्तिगत स्कोर पर आउट हो गए।

अंतिम चरण में अर्नव बुग्गा ने बहुमूल्य 28 रन जोड़े, लेकिन पुरानी दिल्ली 6 सिर्फ 215 रन ही बना सकी। टीम अब शनिवार को वेस्ट दिल्ली लायंस से भिड़ेगी।

### कमर की चोट के कारण पाकिस्तान के खिलाफ दूसरे टेस्ट से बाहर हुए शोरिफुल इस्लाम




**रावलपिंडी।** बांग्लादेश के तेज गेंदबाज शोरिफुल इस्लाम कमर की चोट के कारण पाकिस्तान के खिलाफ दूसरे टेस्ट से बाहर हो गए। टॉस जीतने के बाद, जो आज दूसरे दिन ही हुआ, बांग्लादेश के कप्तान नजमुल हुसैन शांतो ने कहा कि शोरफुल की जगह तस्कीन अहमद को अंतिम 11 में शामिल किया गया है। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने शनिवार को एक बयान में कहा, बांग्लादेश के तेज गेंदबाज शोरिफुल इस्लाम की कमर में खिंचाव है और पाकिस्तान के खिलाफ रावलपिंडी में शुरू हुए दूसरे टेस्ट मैच में चयन के लिए उनके नाम पर विचार नहीं किया जा सका।

# दो हफ्ते बाद भी अपनी गद्दी से हटने को तैयार नहीं स्त्री 2

अमर कौशिक इन दिनों अपनी हॉरर-कॉमेडी फिल्म स्त्री 2 की सफलता एंजॉय कर रहे हैं। राजकुमार राव और श्रद्धा कपूर की फिल्म ने दो सप्ताह के बाद भी दर्शकों को सिनेमाघरों में आकर्षित करके बॉक्स ऑफिस पर एक नया मील का पत्थर स्थापित किया है। इसने अब तक दुनिया भर में 500 करोड़ से अधिक का बॉक्स ऑफिस कलेक्शन कर लिया है। फैंस और क्रिटिक्स को फिल्म की कहानी, सुपर नेचुरल स्टोरी लाइन, इसका संगीत,वीएफएक्स काफी ज्यादा पसंद आए। इसके अलावा साल 2018 में आई पहली फिल्म स्त्री जहां खत्म हुई थी स्त्री 2 की कहानी वहीं से शुरू हुई। इसने खासतौर पर दर्शकों को बांधे रखा। एक तरफ जहां स्त्री 2 ने 16वें दिन 8.5 करोड़ का कलेक्शन किया था। वहीं वीकेंड की वजह से इस शनिवार को फिल्म को काफी ज्यादा फायदा मिलता नजर आ रहा है। सैकनिल्क की रिपोर्ट के अनुसार शनिवार को फिल्म ने 12.56 करोड़ का कलेक्शन किया। इस हिसाब से फिल्म ने अब तक 462.85 करोड़ रुपए कमा लिए हैं। स्त्री 2 का टोटल कलेक्शन 550 करोड़ तक पहुंच सकता है। स्त्री 2 ने पहले ही केजीएफ चैप्टर 1 और 2 के बॉक्स ऑफिस रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया है। वहीं फिल्म सिनेमाघरों में अपने तीसरे सप्ताह में प्रवेश कर चुकी है। फिल्म अपने दूसरे हफ्ते में अब तक की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली हिंदी फिल्म बन गई है। अब तीसरे हफ्ते से उम्मीद है कि यह रणबीर कपूर की एनिमल के रिकॉर्ड को तोड़ देगी जिसने भारत में 505 करोड़ रुपए कमाए हैं। एसएस राजामौली की *बाहुबली 2: द कन्क्लूजन* ने हिंदी भाषा में 511 करोड़ रुपए की कमाई की थी। स्त्री 2 इस वीकेंड भी अच्छा प्रदर्शन जारी रख सकती है, क्योंकि इस शुक्रवार को कोई नई फिल्म रिलीज नहीं हो रही है। उधर स्त्री 2 कई कारणों से लोगों का ध्यान आकर्षित कर रही है, जिसमें फिल्म की ब्लॉकबस्टर सफलता, क्रेडिट वॉर, पोस्टर की समानताएं, सॉफ्ट चिट्ठी...लोरी और बहुत कुछ शामिल है। अमर कौशिक की निर्देशित स्त्री 2% हाल ही में 14 अगस्त को सिनेमाघरों में आई और बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन कर रही है। फिल्म तीसरे हफ्ते भी सिनेमाघरों में धमाल मचा रही है। अमर कौशिक की निर्देशित इस फिल्म ने पहले हफ्ते में 291.65 करोड़ रुपए और दूसरे हफ्ते में 141.4 करोड़ रुपए कमाए। स्त्री 2 ने दूसरे हफ्ते में सबसे ज्यादा कमाई करने वाली बॉलीवुड फिल्म का रिकॉर्ड बनाया और *गदर 2*, *जवान* और *पठान* जैसी हिंदी फिल्मों को पीछे छोड़ दिया है। अब उम्मीद है कि फिल्म अपने तीसरे वीकेंड में बॉक्स ऑफिस पर कुछ और बेहतरीन रिकॉर्ड बनाएगी। इस वीकेंड सिनेमाघरों में किसी भी तरह का कॉम्पिटिशन न होने के कारण, फिल्म के लिए भारत में 500 करोड़ रुपए की कमाई का आंकड़ा पार करना आसान हो गया है। फिल्म के कलेक्शन की बात करें तो स्त्री 2 की बॉक्स ऑफिस पर जरा भी पकड़ ढीली नहीं पड़ी है। पहले हफ्ते में तो इस फिल्म ने तमाम रिकॉर्ड बनाए ही थे। वहीं दूसरे हफ्ते में भी ये फिल्म पठान, जवान, एनिमल बाहुबली 2 को धूल चटाते हुए सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बन गई। वीकेंड के अलावा वर्किंग डेज पर भी इस फिल्म की रफ्तार कम होने का नाम नहीं ले रही है। स्त्री 2 के बॉक्स ऑफिस कलेक्शन की बात करें तो शनिवार को फिल्म ने अपना दबदबा कायम कर रखा है। फिल्म ने 17वें दिन 11.04 करोड़ रुपए की कमाई कर ली है। इस तरह फिल्म ने अब तक कुल 452.59 करोड़ रुपए की कमाई कर ली है। आज शनिवार यानी वीकेंड को भी सिनेमाघरों में स्त्री 2 की हुंकार साफ देखने को मिली है। फिल्म जल्द ही भारत में 500 करोड़ का आंकड़ा पार कर लेगी।



# वर्कप्लेस पर तनाव बन सकता है सेहत का दुश्मन



वर्कप्लेस पर तनाव एक आम समस्या है, जो प्रोडक्टिविटी और आपकी मानसिक शांति को प्रभावित कर सकता है। इसलिए तनाव को सही तरीके से मैनेज करना जरूरी है, ताकि आप अपने काम पर फोकस कर सकें और एक खुशहाल जीवन जी सकें। इस आर्टिकल में हम कुछ टिप्स बता रहे हैं, जो आपको वर्कप्लेस पर स्ट्रेस को कम करने में मदद कर सकते हैं।

**टाइम मैनेजमेंट :** प्राथमिकताएं निर्धारित करें और सबसे जरूरी कामों को पहचानें और सबसे पहले उन पर ध्यान दें। इसके साथ ही, टाइमर का इस्तेमाल करें। टाइमर सेट करने से आप टाइम का सही तरीके से इस्तेमाल कर सकते हैं। काम के बीच छोटे-छोटे ब्रेक लें, ताकि आपका दिमाग ताजा रहे और आप काम पर बेहतर फोकस कर सकें।

**ऑर्गेनाइज रहें :** अपने रोज के कामों की सूची बनाएं। साथ ही, अपने काम करने की जगह को भी साफ-सुथरा रखें। कोशिश करें कि आपका डेस्क कम बिखरा हुआ नजर आए। इससे आपकी प्रोडक्टिविटी में सुधार होगा और आपको मानसिक शांति का भी अनुभव होगा। काम को मैनेज करने के लिए कैलेंडर एप्स और टू-डू लिस्ट का इस्तेमाल करें।

**बात करें :** अपने सहकर्मियों और बॉस के साथ खुलकर बातचीत करें। अगर आपको कोई परेशानी है, तो इस बारे में उन्हें बताएं, अपनी बात समझाएं और दूसरों की बात को भी ध्यान से सुनकर समझने की कोशिश करें। इससे परेशानी को हल करने में आसानी होगी।

**बाउंडरी सेट करें :** अपने काम और पर्सनल लाइफ के बीच संतुलन बनाए रखने के लिए बाउंडरी सेट करना जरूरी है। यदि आप बहुत ज्यादा काम के बोझ तले दबे हैं, तो ना कहने में हिचकिचाएं नहीं।

**खुद की देखभाल :** भरपूर नींद लेने से तनाव को कम करने में मदद मिलती है। साथ ही हेल्दी डाइट खाने से आपका शरीर और मन अच्छा महसूस करेगा। एक्सरसाइज भी स्ट्रेस को कम करने में मददगार साबित हो सकती है। इसके अलावा, ध्यान, योग, गहरी सांस लेने की प्रैक्टिस करें।

**पॉजिटिविटी अपनाएं :** पॉजिटिव रहने से तनाव को कम करने में मदद मिलती है। इससे आप चुनौतियों का डटकर सामना कर पाते हैं और बदलाव को अपनाने में भी मदद मिलती है।

**मदद लें :** अपने सहकर्मियों, दोस्तों या परिवार के सदस्यों के साथ अपनी भावनाओं को शेयर करें। यदि तनाव आपके रोजमर्रा के जीवन को प्रभावित कर रहा है, तो एक थेरेपिस्ट या काउंसलर से बात करें।






मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश शर्मा द्वारा अजय त्यागी के लिए ईको प्रिंटिंग प्रेस, पोस्ट एवं पीएस : गड़चुक, कटाबाड़ी मस्जिद के पास, कामरूप (मेट्रो), गुवाहाटी-35 से मुद्रित एवं **गुड लक पब्लिकेशंस, हाउस नं. 30, डी. नेउग पथ, डोना प्लैनेट के नजदीक, एबीसी, जीएस रोड गुवाहाटी-5 से प्रकाशित।**
**संपादक : राकेश शर्मा,** मोबाइल : 94350-14771, 97070-14771 ● **कार्यकारी संपादक : डॉ. आसमां बेगम ● फोन : 0361-2960054 ( संपादकीय )** e-mail : viksitbharatsamacharghy@gmail.com, **( सभी विवाद सिर्फ गुवाहाटी न्याय क्षेत्र के अधीन )**